पुस्तकालयविज्ञान

परिभाषा कोश

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार

1988

विषय-सूची

संपादन परामर्श मंडल

प्रस्तावना

विज्ञान, मानविकी और समाज विज्ञान के विषयो की अनुमोदित शब्दावली के समेकितशब्द-संग्रहो को प्रकाशित करने के बाद यह आवश्यक समझा गया कि उनम समाविष्ट संकल्पनाओ की परिभाषाएं तैयार करने का काम हाथ मे लिया जाए। प्रस्तुत कोश इसी उद्देश्य से तैयार किया गया है। पहले हमने उन आधारभूत परिभाषाओ को प्रकाशित करना उचित समझा है जिनका प्रयोग पुस्तकालयविज्ञान विषयक चर्चाओं में प्रायः होता है।

इस कोश मे पुस्तकालयविज्ञान की विभिन्न शाखाओ से संबंधित लगभग 1150 शब्दो की परिभाषाए दी गई है। इनमे लगभग 750 शब्द तो पुस्तकालयविज्ञान से संबंधित है और लगभग 400 शब्द कम्प्यूटर से संबंधित। ऐसा करना इसलिए आवश्यक समझा गया कि पुस्तकालय-विज्ञान में कम्प्यूटर का प्रयोग दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है। इन परिभाषाओं को तैयार करते समय हिन्दी मे उपलब्ध अनेक प्रामाणिक पुस्तको और अंग्रेजी मे उपलब्ध परिभाषा कोशों से भी सहायता ली गई है। हमारा उद्देश्य रहा है कि ऐसी सक्षिप्त परिभाषाएं दी जाएं जिनमें यथा संभव सरल भाषा मे संकल्पनाओ के सभी आवश्यक तत्त्वो का समावेश हो जाए। पाठको की सुविधा को ध्यान मे रख कर पुस्तक के अत में हिन्दी-अंग्रेजी पर्यायो की एक सूची भी दे दी गई है।

इन परिभाषाओ पर विचार करके उन्हे अतिम रूप प्रदान करने मे जिन विशेषज्ञो ने हमे सहयोग दिया है, मै उनके प्रति आभार प्रकट करता हूं।

आज दैनदिन व्यवहार मे पुस्तकालयविज्ञान का महत्व बढ़ रहा है। अतः हमें आशा है कि यह कोश विश्वविद्यालयो के अध्यापकों, छात्रों तथा

पुस्तकालयो मे कार्यरत व्यक्तियो के अलावा सामान्य पाठको के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा । इसको पढ़ने के वाद पाठक यदि टिप्पणियां देना चाहे, तो हम उनका स्वागत करेगे और अगले संस्करण मे उनके सुझावो को कार्यान्वित करने का प्रयास करेगे ।

—जभान सिह
ध्यक्ष

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
मानव संसाधन विकास मत्रालय
नई दिल्ली
अगस्त, 1988

पुस्तकालयविज्ञान परिभाषा कोश

A

abstract journal	सार-पत्रिका ऐसी पत्रिका जिसमें सामान्य पुस्तकों और पत्रिकाओं आदि मे दी गई विषय वस्तु का सार-संक्षेप दिया गया हो ।
abstractor	संक्षेपकार, सारकर्त्ता पुस्तकों, पत्रिकाओं आदि की विषय-वस्तु का सार-संक्षेप करने वाला ।
abstract periodical	सार-पत्रिका देखिए 'abstract journal'
accession	परिग्रहण, परिगृहीति, अनुवृद्धि, परिगृहीत सामग्री पुस्तकालय मे प्राप्त प्रलेखों या पुस्तकों का उनके प्राप्ति क्रम से पंजी या सूची में दिया हुआ विवरण, जिसमे लेख का नाम, शीर्षक, प्रकाशन, विवरण, मूल्य आदि का उल्लेख होता है ।
accession department	अनुवृद्धि विभाग वह विभाग या अनुभाग जो पुस्तकालय मे प्राप्त प्रलेखों और पुस्तकों का कालानुक्रम से रिकार्ड रखता है ।

accession number — **अनुवृद्धि संख्या**

पुस्तकालय मे प्रलेख या पुस्तक की प्राप्ति के क्रम की सूचक संख्या जो परिग्रहण पंजी के अनुसार प्रलेख या पुस्तक मे अंकित की जाती है ।

accession register — **अनुवृद्धि पंजिका**

पुस्तकालय मे प्राप्त प्रलेखों या पुस्तकों का ऐसा रिकार्ड जिसमे पुस्तको का विवरण दिया हो । यह रिकार्ड रजिस्टर या कार्ड के रूप मे हो सकता है ।

accession section — **अनुवृद्धि अनुभाग**

देखिए 'accession department'

acquisition — **संप्राप्ति**

1. खरीद या उपहार आदि के रूप मे पुस्तकालय के लिए पुस्तकें प्राप्त करने का कार्य ।
2. इस प्रकार प्राप्त हुई पुस्तके आदि

added entry — **इतर प्रविष्टि**

सूचीकरण मे मुख्य प्रविष्टि के अतिरिक्त अन्य प्रविष्टि जो संपादक, अनुवादक, पुस्तक आख्या इत्यादि के लिए हो सकती है ।

adjustable classification — **समायोज्य वर्गीकरण**

जेम्स डफ ब्राउन द्वारा छोटे पुस्तकालयो के लिए बनाई गई वर्गीकरण पद्धति जिसमे वर्ण और अंकों की अकन पद्धति अपनाई जाती है ।

admission card — **प्रवेश-कार्ड**

पुस्तकालय में पाठक के प्रवेश की जांच के लिए प्रयुक्त कोई कार्ड या पर्ची आदि ।

admission record — **प्रवेश-अभिलेख**

पुस्तकालय में पाठको की उपस्थिति की जाच के लिए उपयुक्त रिकार्ड ।

alcove — **कोष्ठिका**

पुस्तकालय के किसी भाग मे अनुसंधान कार्य के लिए अस्थायी रूप से तैयार किया गया कमरा ।

alien — **बहिराच्छादित**

पाठको की रुचि के विषय और उनकी रूचि के घटत क्रम के अनुरूप व्यवस्थित विषयो के परे विषय-क्षेत्र ।

allonym — **1. छद्मनाम, परनाम**
2 परनाम ग्रंथ

1. किसी लेखक द्वारा अपने व्यक्तित्व को छुपाने एवं/या प्रसिद्धि प्राप्त करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति के नाम या उपनाम का प्रयोग ।

2. उक्त प्रकार के लेखक द्वारा लिखी गई पुस्तक ।
'pseudonym' भी देखे ।

alphabetical class filling system — **आनुवर्णिक वर्ग क्रमीकरण पद्धति**

सामग्री को वर्गों तथा प्रत्येक वर्ण को पुनः विषयवार उपवर्गो मे वर्ण-क्रमानुसार विभाजित करने की प्रक्रिया ।

alphabetical code — **वर्ण संकेत**

ऐसी वर्ण पद्धति जो कम्प्यूटर के प्रयुक्त सूचक वर्णों और शब्दों के रूप में परिणाम बताती है ।

alphabetical coding — **वर्ण संकेतीकरण**

मशीन के लिए सामान्य भाषा के बदले सूचना तैयार करने मे वर्ण संकेत पद्धति के प्रयोग की प्रक्रिया ।

alphabetical device — **आनुवर्णिक युक्ति**

मुख्य विषय को स्पष्ट करने और व्यावर्तक या पंक्ति व्यावर्तक पाने के लिए प्रयुक्त युक्ति ।

alphabetical index — **वर्णानुक्रमणिका**

प्रलेख या पुस्तक से चुने ए शब्दो अथवा किसी पुस्तकालय मे रखे गए प्रलेखो से सबंधित सूचना की वर्ण-क्रमानुसार व्यवस्थित सूची ।

alphabetical subject catalogue — **आनुवर्णिक विषयसूची**

वर्णक्रमानुसार व्यवस्थित विषयवार सूची ।

alphabetico-classed catalogue — **आनुवर्णिक वर्गीकृत सूची**

ऐसी सूची जिसमे मख्य शीर्षक के अंतर्गत वर्ण क्रम से दी गई प्रविष्टिया पुनः विषयवार वर्णक्रम से ही वर्गीकृत होती हैं ।

alphabetization — **आनुवर्णीकरण, वर्णानुक्रमण**

शब्द, नाम तथा वाक्याशो की सूची को वणमाला के वर्णों के क्रम से व्यवस्थित करने की क्रिया ।

alternative location	**वैकल्पिक स्थान**
	वर्गीकरण पद्धति मे किसी विषय विशेष को भिन्न मानकर उसके लिए सामान्य के अतिरिक्त दूसरा स्थान नियत करना ।
alternative title	**वैकल्पिक आख्या**
	पुस्तक के मुख्य शीर्षक के साथ या अथवा आदि शब्द लगाकर दिया गया अन्य शीर्षक ।
ambiguous title	**संदिग्ध आख्या**
	ऐसा अस्पष्ट शीर्षक जो भ्रमात्मक हो । सूचीपत्र मे ऐसे शीषक के तुरन्त बाद कोष्ठक मे या टिप्पणी के रूप मे व्याख्या दी जा सकती है ।
analytical bibliography	**वैश्लेषिक ग्रंथ-सूची**
	ग्रथ सूची जिसमे किसी प्रकाशन से संबधित तथ्य और आकड़ो का उसके प्रभागांक, सकेताक्षर, निरसनो तथा वाटरमार्क का निरीक्षण करने के पश्चात् रिकार्ड किया गया हो ।
analytical entry	**वश्लेषिक प्रविष्टि**
	ऐसी प्रविष्टि जो पुस्तक के किसी अनुच्छेद, परिच्छेद या भाग के लिए बनाई गई हो और उसम उस पुस्तक का संदर्भ दिया गया हो ।
analytical index	**वैश्लेषिक अनुक्रमणिका**
	सामग्री की सामान्य विषयो के अतर्गत विशिष्ट शीर्षको की या विशिष्ट विषयो के अतगत तैयार की गई वर्गीकृत तालिका या सूची ।

analytic cataloguing

वैश्लेषिक सूचीकरण

सूचीपत्र तैयार करने की वह शाखा जो विश्लेषणात्मक प्रविष्टि या ऐसी प्रविष्टि से सबधित हो जिसमे उसकी सबंधित रचना का भी हवाला दिया गया हो ।

assailstic arrangement

प्रकाशनानुसारी कृति–सूची

ऐसी ग्रंथसूची जिसमे किसी लेखककी कृतियो का प्रकाशन–वर्ष के क्रम से विवरण दिया गया हो ।

annotated catalogue

सटिप्पण सूची

ऐसी सूची जिसमे ग्रन्थ संबंधी टिप्पण दिया गया हो ।

annotation

टिप्पण

सूचीपत्र या ग्रंथसूची मे दिया गया विवरण जिसमे पुस्तक की विषयसामग्री का मूल्यांकन, व्याख्या या वर्णन किया गया हो । कभी-कभी इसमे लेखक का विवरण भी शामिल होता है ।

anonymous

अनामक

वह प्रलेख या पुस्तक जिस पर कही भी लेखक का नाम न दिया हो ।

anterior sub-division

पूर्ववर्ती उपप्रभाग

ग्रंथसूची मे विषय के सामान्य विवेचन से पहले उसके उपविभाग रखने का क्रम या क्रिया ।

apocryphal book

संदिग्ध प्रमाण पुस्तक, अप्रमाण पुस्तक

ऐसी कृति या रचना जिसके लेखक की प्रामाणिकता के बारे मे संदेह हो ।

apograph	**(मूल की) प्रति** मूल पांडुलिपि की हाथ से लिखी प्रतिलिपि ।
asyndetic catalogue	**अंतर्निर्देशरहित सूची** ऐसी सूची जिसमे प्रविष्टियो का परस्पर संदर्भ न दिया गया हो ।
author	**लेखक, ग्रंथकार** किसी ग्रन्थ, लेख, प्रलेख आदि को लिखने वाला, मूल रचयिता ।
author bibliography	**लेखक ग्रंथसूची** ऐसी ग्रथसूची जिसमे लेखक की सपूर्ण कृतिया तथा उससे संबंधित कृतिया क्रम से व्यवस्थित की गई हो
author heading	**लेखक शीर्षक, ग्रंथकार शीर्षक** ऐसा शीर्षक जिसके अनुसार लेखक-प्रविष्टि बनाई गई हो ।
authorised edition	**अधिकृत संस्करण** किसी पुस्तक या रचना के लेखक या उसके अधिकारप्राप्त प्रतिनिधि की सहमति से प्रकाशित किया गया सस्करण ।
authority file	**शीर्षकावली** सूची-पत्र मे दिए गए शीषकों की सूची तथा अन्य सूचियो से उन शीषकों के सदर्भ । जैसे—विपय शीर्षकावली, नाम शीर्षकावली आदि ।
azure tooling	**समरेखीय अलंकरण** एक प्रकार की जिल्द जिसमे सजावट के लिए आडी समातर रेखाओं का प्रयोग किया जाता है ।

B

back file	पिछले अंक, पूर्व अंकावली किसी पत्र-पत्रिका के वर्तमान अंक से पहले के अंकों का संग्रह ।
balopticon	बैलोप्रकाश प्रक्षेपक, बैलोप्टिकॉन प्रक्षेप-उपकरण जिसमें वस्तु द्वारा परावर्तित प्रकाश से प्रतिबिम्ब का प्रक्षेपण होता है ।
basic class	मूलवर्ग, आधारिक वर्ग ज्ञान लोक के विषयों की वर्गीकरण पद्धति में मुख्य अथवा परम्परित वर्ग का सामान्य नाम ।
basic classification	मूल वर्गीकरण विस्तृत विषयों तथा पुस्तकालय में सामान्य पाठकों की आवश्यकता के लिए उपयुक्त वर्गीकरण पद्धति का विवरण ।
bias relation	अभिनति संबंध वह कला संबंध जिसमें कला-1 और कला-2 की अभिनति प्रकट की जाती है । यह संबंध वस्तुत: विषय के प्रतिपादन के दृष्टिकोण एवं विशेषज्ञों की आवश्यकतानुसार प्रदर्शित किया जाता है ।
bibliographic Classification	ग्रंथपरक वर्गीकरण 1 हेनरी एवेलिन ब्लिस द्वारा तैयार की गई विद्वतापूर्ण व व्यापक वर्गीकरण पद्धति । इसमें सामान्य उप प्रभागों के अतिरिक्त उपतालिका भी दी गई है जिसका उपयोग डीवी के सामान्य उपविभाजन के सदृश्य किया जाता है । इसमें संकेतन आनुवर्णिक

हैं। यद्यपि चार से अधिक वर्ण प्रयुक्त नहीं किए गए हैं तथापि वे पूर्ण हैं।

2. पुस्तकों व अन्य साहित्यिक सामग्री को सुनियोजित वर्गों में विभाजित करने तथा ग्रंथसूची और सूचीपत्र तैयार करने के लिए प्रयुक्त वर्ग विभाजन की पद्धति।

bibliographic index — ग्रंथ अनुक्रमणिका

प्रकाशित ग्रंथो की अभिटिप्पणीयुक्त अथवा अभिटिप्पण रहित क्रमबद्ध सूची।

bibliographing — ग्रंथसूची विमर्श

ग्रंथ सूची देखने की क्रिया।

bibliothecal classification — विन्यासात्मक वर्गीकरण

पुस्तकालय के शेल्फों पर पुस्तकों के व्यवस्थापन की वर्गीकरण पद्धति।

binding edge — जिल्द कोर

पुस्तक का वह किनारा या भाग जहां जिल्द बांधने के लिए सिलाई आदि की जाती है।

bio-bibliographical catalogue — सचरित ग्रंथसूची

अनेक लेखकों द्वारा लिखी गई पुस्तकों की ऐसी सूची जिसमें लेखकों का संक्षिप्त जीवन चरित्र भी दिया गया हो।

bio-bibliography — सचरित ग्रंथसूची

देखिए 'bio-bibliographical catalogue'

biographical dictionary — जीवनी कोष, जीवनचरित कोष

वर्णक्रमानुसार व्यवस्थित जीवन वृत्त।

Biscoe time number	बिस्को, समय संख्या, बिस्को समयांक शेल्फ पर काल क्रमानुसार पुस्तके लगाने के लिए बिस्को द्वारा निर्धारित पद्धति से संक्षिप्त रूप मे तिथि बताने वाली पुस्तक संख्या ।
block accession	*सामूहिक परिग्रहण* पुस्तकालय में प्राप्त बहुत सी पुस्तको का एक साथ परिग्रहण । उसमे पुस्तक विशेष को कोई संख्या या चिह्न नही दिया जाता ।
block arrangement	(पुस्तकों का) स्थूल व्यवस्थापन पुस्तकालय मे पुस्तकों को वर्गीकरण के अनुसार निश्चित शेल्फो में रखने की विधि ।
block plan	(पुस्तकों का) स्थूल व्यवस्थापन देखिए 'blcok arrangement'
bone folder	मोड़ पटरी, बोन फोल्डर अस्थि, लकड़ी या किसी मजबूत पदार्थ का लगभग 8 इंच लम्बा और एक इंच चौड़ा टुकड़ा जो जिल्दसाजी में कागज आदि मोड़ने के काम आता है ।
book arrangements	ग्रंथ व्यवस्था, ग्रंथ व्यवस्थापन, ग्रंथ विन्यास पुस्तकालय मे शेल्फों पर किसी निश्चित क्रम से पुस्तके रखने की क्रिया ।
book card	पुस्तक कार्ड ऐसा कार्ड या पत्रक जिस पर पुस्तक विशेष का विवरण अंकित हो

(जैसे शीर्षक, लेखक, परिग्रहण संख्या, वर्ग संख्या इत्यादि) और जिसका उपयोग निर्गत की गई पुस्तकों का लेखा रखने में किया जाए।

book elevator — पुस्तक उत्थापक (लिफ्ट), पुस्तक एलिवेटर

एक तल या स्टैक से दूसरे तल या स्टैक तक पुस्तकें उठाकर रखने वाली मशीन।

book jacket — पुस्तक जैकेट

देखिए 'dust cover'

book lift — पुस्तक लिफ्ट, पुस्तक उत्थापक

देखिए 'book elevator

book number — पुस्तक अंक

वर्ण और संख्या के मेल से बना ऐसा चिह्न जो एक ही वर्ग को वर्णक्रम में लगाने में सहायक हो।

books on approval — अनुमोदनार्थ पुस्तकें, अवलोकनार्थ पुस्तकें

पुस्तक विक्रेताओं द्वारा पुस्तकालय के लिए पुस्तक की खरीद के उद्देश्य से अवलोकन, चयन एवं अनुमोदन के लिए लाई गई पुस्तकें।

book stack — पुस्तक भंडार, स्टैक

पाठ्य सामग्री रखने के लिए वह कक्ष जहां रैक इत्यादि लगे हों।

borrower — ग्रहीता

पुस्तकालय से पुस्तकें पानेवाला व्यक्ति।

borrower's card — **ग्रहीता कार्ड**

पुस्तकालय से पुस्तकें लेने वाले को दिया गया कार्ड जिस पर उपयोग के लिए दी गई पुस्तकों का अभिलेख रहता है ।

bracket shelf — **खंडित क्रम**

पुस्तकालय के संग्रह से एक या अनेक अनुभागों को सामान्य वर्गीकृत क्रम से निकाल कर उसकी एक अलग व्यवस्था बनाना ताकि उनके उपयोग में सुविधा रहे ।

browsing (for light reading) room — **स्वच्छंद ग्रंथावलोकन कक्ष**

पुस्तकालय में आकर्षक ढंग से सुसज्जित ऐसा कक्ष जहां मनोरंजन व मनोविनोद के लिए हल्का-फुल्का साहित्य पढा जाए ।

C

calligraphy — **सुलेखन**

सुन्दर अक्षर लिखने की कला ।

call number — **बोध संख्या**

वह अक्षर, अंक या संख्या जो पृथक्-पृथक् या मिल कर ऐसा बोध चिह्न बनाए जिससे शेल्फ पर पुस्तक के स्थान का ज्ञान हो सके । सामान्यतया यह वर्ग संख्या तथा पुस्तक संख्या को मिलाकर बनाया जाता है ।

cameo binding — **कैमियो जिल्द**

जिल्दसाजी की ऐसी शैली जिसम गत्तों के बीच में प्राचीन रत्नों या मेडलो के प्रतिरूप का ठप्पा ल गाया जाता है

camcragraph — कैमरा प्रॉफ

फोटो स्टैट मशीन के समान ऐसी मशीन जिससे कागज के दोनो ओर लेखन की प्रतिलिपि प्राप्त की जा सके।

cancelandum — निरसित पत्र

पुस्तक का वह भाग जिसे खोए हुए पृष्ठो के स्थान पर लगाना हो।

cancelled leaf — निरसित पत्र

देखिए 'cancclandum'

Canevari binding — केनवरी जिल्द

ऐसी जिल्द जिसका नाम केनवरी (539-625) के नाम से जुड़ा है। इसके बीच के धसे हुए भाग में रत्नाकृति अलकरण चिपका या छपा होता है।

canon — अभिनियम, उपसूत्र

ऐसा आधारभूत नियम जो सत्य, प्रामाणिक और आधार के रूप में मान्य हो।

canon of ascertainability — निर्धार्यता अभिनियम

किसी प्रलेख अथवा पुस्तक के आख्या पृष्ठ तथा उसके अतिरेक पृष्ठों पर दी गई सूचनाओ के अनुसार विभिन्न अनुच्छेदो के वरण तथा उपकल्पन का निर्धारण।

canon of book number — पुस्तक संख्या अभिनियम

किसी प्रलेख वर्गीकरण पद्धति मे उस पुस्तक सख्या पद्धति का समावेश जिनसे ज्ञान के उसी वर्ग मे आने वाले प्रलेखो को पृथक किया जा सके।

canon of classics — श्रेण्य ग्रंथ अभिनियम

वर्गीकरण पद्धति में श्रेण्य ग्रंथो के सब सस्करणो, अनुवादो आदि को एक साथ रखना और तत्पश्चात् उस ग्रंथ की टीका के अन्य सस्करण रखना तथा इसी प्रकार प्रत्येक टीका के बाद उसके सारे संस्करण रखने का क्रम ।

canon of collection number — संकलन संख्या अधिनियम

वर्गीकरण पद्धति में संग्रह संख्या सारणी का ऐसा प्रबंध जिससे प्रलेखो को उनके कलेवरी, दुर्लभता, उपयोग या अन्य किसी कारण से उनकी विलक्षणता के आधार पर पृथक् किया जा सके ।

canon of concomitance — सहवर्तिता अभिनियम

समष्टि के वर्गीकरण मे प्रयुक्त किन्हीं दो लक्षणो का सहवर्ती होना ।

canon of consistence — अनुगति अभिनियम

प्रलेख की सभी इतर प्रविष्टियो का उस प्रलेख की मुख्य प्रविष्टि से संगति होना । यह सगति शीर्षक एवं अन्य अनुच्छेदों के वरण, उपकल्पन तथा लेखन शैली में होती है ।

canon of consistency — संगति अभिनियम

समष्टि के वर्गीकरण में प्रयुक्त होने वाला ऐसा लक्षण जो वर्गीकरण के उद्देश्य मे परिवर्तन न होने तक उसी क्रम मे प्रयुक्त होता रहे ।

canon of consistent sequence — संगत अनुक्रम अभिनियम

जब तक उद्देश्य या उपयोगिता में विशेष अतर न हो तब तक विभिन्न पक्तियो में एक जैसे वर्ग आने पर उन सब पक्तियो में उनका क्रम समान्तर होना

canon of context — प्रसंग अभिनियम

सूची सहिता के नियमो का निरूपण, पुस्तक उत्पादन की रीति से संबधित पुस्तक के सूचीकरण लक्षणो की प्रचलित प्रकृति, ग्रथालय-सेवा की रीति और कोटि के सबधित ग्रथालय के सगठन की प्रचलित प्रकृति तथा प्रकाशित ग्रथ सूचियों के अस्तित्व के प्रसग मे होना । इसके अतिरिक्त परिवर्तित प्रसंग के अनुसार नियमो का भी समय समय पर सशोधन ।

canon of coordinate classes — समकक्ष वर्ग अभिनियम

अधिक सादृश्य वाले वर्गों या पंक्तियो के बीच किसी कम सादृश्य वाले वर्ग या पक्तियो का न आना ।

canon of cross classification — प्रति वर्गीकरण अभिनियम

उन दो या अधिक लक्षणो का एक ही पक्ति मे उपयोग जिससे सगति अभिनियम तथा अनन्यता अभिनियम का उल्लघन हो जाए ।

canon of currency — प्रचलन अभिनियम

वर्गीकृत सूची की वर्ग निर्देश प्रविष्टि तथा शब्दकोशीय सूची की विषय प्रविष्टि में प्रचलित रूप को मान्यता प्राप्त होना ।

canon of decreasing extension — ह्रासी विस्तार अभिनियम

वर्गीकरण मे श्रृंखला गत वर्गों के निर्माण मे उसकी प्रथम कड़ी से लेकर अंतिम कड़ी तक प्रत्येक श्रेणी में वर्गों का गुणांक बढ़ता जाना चाहिए और उसका विस्तार प्रत्येक कदम पर घटता जाना चाहिए।

canon of differenciation — विभेदन अधिनियम

समष्टि के वर्गीकरण में प्रयुक्त लक्षणो का अपने कुछ तत्वो मे भेद करना अर्थात् कम से कम दो वर्ग बनाना।

canon of distinctiveness — सुस्पष्टता अभिनियम

वर्गीकरण पद्धति में वर्ग संख्या, पुस्तक संख्या तथा संकलन संख्या का एक दूसरे से स्पष्ट रूप से अलग-अलग लिखा जाना।

canon of enumeration — गणन अभिनियम

वर्गीकरण पद्धति में शब्द का अर्थ ऐसे उपवर्गों (निम्न श्रृंखलाओं) के अनुसार निश्चित करना जो उसी वर्ग की समान कडी वाली विभिन्न श्रृंखलाओ में वर्णित हो।

canon of exclusiveness — अनन्यता अभिनियम

वर्गों की पंक्ति में वर्गों का आपस मे अनन्य होना।

canon of exhaustiveness — निःशेषता अभिनियम

वर्गों की पंक्ति में वर्गों का अपनी निकटतम समष्टि के पूर्ण रूप से निःशेष हो जाना।

canon of expressiveness	अभिव्यंजकता अभिनियम प्रत्येक लक्षण का अभिव्यंजन उस अंक मे होना चाहिए जिससे वर्ग संख्या का निर्माण किया जाए ।
canon of favoured sequence	वांछित अनुक्रम अभिनियम वर्ग क्रम मे वर्ग का कोई भी स्थान होने पर भी उसे प्राथमिकता देना ।
canon of helpful sequence	अनुकूल अनुक्रम अभिनियम पक्ति मे वर्गों का उन सबके अनुकूल होना जिनके वे अभीप्ट हो ।
canon of hierarchical notation	श्रेणीवद्ध अंकन अभिनियम, क्रम परंपरित अंकन अभिनियम ऐसा अकन जो यह वताए कि दो शब्द एक ही पक्ति या एक ही शृंखला के हैं ।
canon of hospitality in array	पंक्तिगत ग्रहणशीलता अभिनियम किसी पंक्ति मे प्रस्तुत वर्ग सख्याओ में वाधा डाले विना प्रत्येक वर्ग सख्या मे किसी भी स्थान पर असख्य समकक्ष वर्गों को ग्रहण करने की क्षमता ।
canon of hospitality in chain	शृंखलागत ग्रहणशीलता अभिनियम किसी शृखला की वर्ग संख्याओ में वाधा डाले विना शृंखला के अंत में वर्ग संख्या की असंख्य समकक्ष वर्गों को ग्रहण करने का सामर्थ्य ।

canon of individualization — **व्यष्टित्व अभिनियम**

किसी भी सत्ता का नाम जिसे सूची प्रविष्टि मे शीर्षक रूप में व्यवहार किया जाता हो । उसे व्यष्टिकरण तत्वो द्वारा पूर्णरूपेण व्यष्टिकृत होना चाहिए ।

canon of local variation — **स्थानीय विभिन्नता अभिनियम**

वर्गीकरण पद्धति मे विशेष स्थानीय महत्त्व के लिए वैकल्पिक वर्ग क्रमों को रखने की व्यवस्था ।

canon of mixed notation — **मिश्र अंकन अभिनियम**

वर्गीकरण की अकन पद्धति में मिश्रित अंको का प्रयोग करना ।

canon of mnemonics — **स्मरण युक्ति अभिनियम**

किसी वर्ग सख्या के वियोजक सख्या मे प्रयुक्त किसी विशिष्ट सकल्पना का प्रतिनिधित्व करने वाले अक का उसी संकल्पना के सभी वर्ग संख्याओ या वियोजक संख्याओं में एक समान रहना, यदि इस संगति के प्रतिनिधित्व से कोई अत्यधिक महत्व-पूर्ण आवश्यकता का उल्लंघन न होता हो ।

canon of modulation — **संक्रम अभिनियम**

ज्ञान लोक से एक शृंखला के वर्गों के विभाजन की प्रत्येक शृंखला पर सही विश्लेषण क्षमता के आधार पर व्युत्पादित करना चाहिए ।

canon of non-hierarchical notation

अश्रेणीबद्ध अंकन अभिनियम

प्रत्येक लक्षण का अभिव्यंजन उस अंक मे नही होना चाहिये जिससे वर्ग सख्या का निर्माण किया जाए।

canon of permanence

अपरिवर्तनीयता अभिनियम

1. प्रविष्टि का कोई भी तत्त्व सूची सहिता के नियमो के अधीन तब तक परिवर्तित नही होना चाहिये जब तक स्वय नियम मे प्रसग के उपसूत्र के कारण परिवर्तन नही हो जाते हैं।

2. ज्ञान लोक के वर्गीकरण के लिए जिस लक्षण का उपयोग किया गया हो वह उस समय तक अस्थाई एव अपरिवर्तनीय रहना चाहिये जब तक वर्गीकरण के उद्देश्य मे कोई परिवर्तन न हो।

canon of prepotence

प्रबलता अभिनियम

सूची मे अनेक प्रविष्टियो के मध्य एक प्रविष्टि का स्थान निर्धारण के लिये, जहा तक संभव हो, प्रबलता (शक्ति या सशक्ता) को पूर्ण रूपेण अग्र अनुच्छेद मे एकत्रित करना चाहिये, अग्र अनुच्छेद मे भी, जहा तक सभव हो, इसको (प्रबलता) प्रविष्टि तत्त्व मे एकत्रित करना चाहिये। यदि अग्र अनुच्छेद मे सपूर्ण एकत्रीकरण सभव न हो तो प्रबलता को न्यूनतम रूप से अगले अनुच्छेदों मे जाने देना चाहिये और इतना

ही नहीं, बल्कि प्रबलता का यह महत्त्व अगले अनुच्छेदो मे तीव्रता के ह्रासमान अनुक्रम के सिद्धान्त पर आधारित होना चाहिये।

canon of pure not tion — शुद्ध अंकन अभिनियम

वर्गीकरण पद्धति मे अंकन का शुद्ध (अमिश्रित) होना।

canon of relativity — सापेक्षता अभिनियम

वर्ग सख्या में अंको की सख्या का निरूपित-वर्गों के क्रम का समानुपाती होना।

canon of relevance — प्रसंगानुकूलता अभिनियम

वर्गीकरण के आधार रूप मे प्रयुक्त लक्षणों का वर्गीकरण के उद्देश्य के अनुसार प्रयोग करना।

canon of relevant sequence — प्रसंगोचित क्रम अभिनियम

वर्गीकरण के आधार रूप में प्रयुक्त लक्षणो का वर्गीकरण के उद्देश्य के अनुसार लगातार एक क्रम मे प्रयोग करना।

canon of resolving power — विश्लेषण क्षमता अभिनियम

ज्ञान लोक के तात्कालिक प्रथम क्रम की पंक्ति में उपवर्गों को उनके उचित स्थान में प्रकट करने की विश्लेषण क्षमता।

canon of reticence — संयतता अभिनियम

वर्गीकरण पद्धति मे किसी वर्ग का सूचक ऐसा शब्द जिससे वर्गीकरण प्रणेता का अभिमत व्यक्त न हो या शब्द स्वत ही समीक्षात्मक न हो।

canon of scheduled mnemonics — अनुसूचित स्मृति सहायक अभिनियम

प्रत्येक वर्गीकरण पद्धति के अन्तर्गत समस्त अथवा अनेक वर्गों की पंक्ति क्रम मे प्रकट होने वाले प्राथमिक समूह को सम्मिलित किया जाना। दूसरे शब्दो मे प्रत्येक वर्गीकरण पद्धति द्वारा कुछ अनुसूचिया निर्मित की जाती हैं जिनका प्रयोग किसी भी मुख्य वर्ग के साथ किया जाता है।

canon of seminal mnemonics — बीजभूत स्मृति सहायक अभिनियम

वर्गीकरण पद्धति मे बीजभूत अवधारणाओ का प्रतिनिधित्व करने हेतु एक ही तथा समान अंक का प्रयोग करना, चाहे वह अवधारणा किसी भी पंक्ति अथवा वर्ग संदर्भ में विभिन्न शब्दों में प्रयुक्त हुई हो।

canon of subordinate classes — अधीनस्थ वर्ग अभिनियम

एक वर्ग के सभी उपवर्गों का, चाहे वे किसी भी शृंखला मे आएं, बिना एक दूसरे से अलग हुए एक साथ आना या किसी अन्य वर्गों से पृथक् न होना।

canon of systematic mnemonics	व्यवस्थित स्मृति सहायक अभिनियम वर्गीकरण पद्धति मे एक पंक्ति के अन्तर्गत वर्गीकरण सिद्धान्त के अनुरूप वियोजको के प्रतिनिधित्व के लिये एक तथा एक ही प्रकार के क्रम मे अकों का व्यवहार किया जाना।
canon of uniformity	एकरूपता अभिनियम वर्ग संख्या में अंको की संख्या का समरूप होना, चाहे वह वर्ग के किसी भी क्रम का प्रतिनिधित्व करता हो।
canon of verbal mnemonics	शाब्दिक स्मृति सहायक अभिनियम यदि व्यवस्थापन अन्य किसी लक्षण के आधार पर अत्यधिक सुविधाजनक न हो तो किसी वियोजक या पंक्ति वियोजक के हेतु आनुवर्णिक युक्ति का उपयोग करना।
caption title	मुख्य शीर्षक देखिए 'drop-down title
card index	कार्ड सूचक मानक आकार (साधारणतया 75 मि० मी० × 125 मि० मी०) के कार्डों पर तैयार की गई अनुक्रमणिका जिसे दराज मे रखा जाता है।
case book	वस्त्रावरणी पुस्तक ऐसी पुस्तक जिसकी जिल्द केस के रुप में अलग से बनाई गई हो।
ccalatogue	सूचीपत्र, सूचक देखिए 'library 'catalogue'

catalogue card — सूचक कार्ड, सूची कार्ड

सादा या लाइनदार कार्ड (75 मि० मी० × 125 मि० मी०) जिस पर सूची प्रविष्टि अंकित हो या अंकित की जाए।

catalogue code — सूची संहिता

पुस्तकालय मे प्रलेखो, पुस्तको, मानचित्रों इत्यादि की सूची की रचना तथा संरक्षण के लिये सूचीकारो के निर्देशन हेतु नियमावली।

catalogue in book-form — पुस्तक रूप सूची

ऐसी सूची जो मुद्रित और पुस्तक रूप में हो।

cataloguer — सूचीकार

पुस्तकाध्यक्ष जो सूचीपत्र की प्रविष्टिया तथा ग्रंथ परक विवरण तैयार करता है। कही-कही वह पुस्तको का वर्गीकरण व विषय-शीर्षको का निर्धारण भी करता है।

cataloguing — सूचीकरण

सूची बनाने की क्रिया जिसमे प्रलेखो अथवा पुस्तको को शेल्फ के लिये तैयार करने की प्रक्रियायें या सूची के लिये प्रविष्टिया तैयार करना भी हो सकता है।

cataloguing-in-source

प्रकाशनगत सूचीकरण

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत किसी केन्द्रीय संगठन द्वारा ग्रंथो के प्रकाशन के पूर्व ही उनका सूचीकरण किया जाता है। ग्रथ मे ही सूची प्रविष्टि मुद्रित कर दी जाती है। यह कार्य प्रकाशको के सघ के साथ मिलकर या प्रकाशकों के सहयोग से ही किया जा सकता है।

catchword index

सूचक-शब्द अनुक्रमणिका

अनुक्रमणिका मे प्रयुक्त वह महत्त्वपूर्ण शब्द जिसे प्रविष्टि मे प्रथम स्थान दिया जाता है।

central catalogue

केन्द्रीय सूची

पुस्तकालय प्रणाली के अन्तर्गत केन्द्रीय पुस्तकालय की सूची जिसमे प्रणाली मे अवस्थित घटक पुस्तकालयों की पुस्तको की सूची भी शामिल होती है। इसे मुख्य सूची या सामान्य सूची भी कहते हैं।

centralized catalguing

केन्द्रीकृत सूचीकरण

अन्य ग्रंथालयो के लाभ के लिये केन्द्रीय ब्यूरो द्वारा पुस्तको का सूचीकरण तथा बाद मे मुद्रित प्रविष्टियों का वितरण। इस पद्धति से सूचीकरण प्रक्रिया मे एक रूपता बनी रहती है।

central shelf list	केन्द्रीय निधानी सूची, केन्द्रीय शेल्फ सूची
	पुस्तकालय प्रणाली के अन्तर्गत मुख्य या केन्द्रीय पुस्तकालय की पुस्तकों की सूची अथवा केन्द्रीय पुस्तकालय और घटक पुस्तकालयो की पुस्तको की संयुक्त सूची।
chain formation	शृंखला-निर्माण
	वर्ग संख्या को एक शृंखला के रूप में किसी निश्चित विधि के अनुसार व्यक्त करना।
chain procedure	शृंखला प्रक्रिया
	वह विधि जिसके द्वारा वर्ग संख्या से वर्ग निर्देशी प्रविष्टि प्राप्त की जाती है।
charging desk	निर्गम डेस्क
	ऐसा डेस्क जहां से पाठकों को पुस्तके निर्गत की जाती है।
charging machine	निर्गम मशीन, चार्जिग मशीन
	ऐसी मशीन जिसके द्वारा पाठको को निर्गत पुस्तको का लेखा रखा जाए।
charging methods	आगम-निर्गम प्रणालियां
	पाठको को पुस्तके आगत तथा निर्गत करने की विधि।

charging systems — आगम-निर्गम प्रणालियां
देखिए 'charging method

charging tray — निर्गम ट्रे
स्टील या लकड़ी की ऐसी ट्रे जिसमे निर्गम रिकार्ड रखा जाए।

check list — जांच सूची
पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं एवं अन्य सामग्री की ऐसी संपूर्ण सूची जिसमे पुस्तको का ऐसा कम से कम विवरण दिया हो, जिसमें पुस्तको के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सके।

chronological order — कालानुक्रम
ऐसा तैथिक क्रम जिसमे पुस्तको या अन्य प्रकार के प्रकाशनों की प्रविष्टियों को काल-क्रमानुसारी व्यवस्था मे रखा जाए।

circulation — परिचालन
पुस्तकालय मे आगत-निर्गत पुस्तको की क्रिया।

circulation department — परिचालन विभाग, निर्गमागम विभाग
पुस्तकाल का वह विभाग जिसमें पुस्तको के आदान-प्रदान की क्रिया संपन्न की जाती है।

circulation desk — परिचालन डेस्क
देखिये 'charging desk'

circulation record — परिचालन अभिलेख
निश्चित अवधि मे निर्गत-आगत पुस्तकों का अभिलेख।

clandestine literature — गोपनीय साहित्य
देखिये 'underground literature'

class catalogue	वर्गीकृत सूची वर्गीकरण पद्धति के अनुसार विषयवार व्यवस्थित की गई सूची।
classic	श्रेष्ठ ग्रंथ, गौरव ग्रंथ ऐसे उत्कृष्ट ग्रंथ जिनके अनुवाद और रूपान्तरण किये गये हों और जो अन्य रचनाओं के लिये प्रेरणास्रोत हों।
lassification code	वर्गीकरण संहिता वर्गकार की सहायता के लिये वर्गीकरण नियमों की संहिता।
classification language	वर्गीकरण भाषा वर्गीकरण पद्धति में प्रयुक्त संख्याओं की सांकेतिक भाषा।
classification schedule	वर्गीकरण तालिका वर्गीकरण पद्धति की रूपरेखा।
classification system	वर्गीकरण पद्धति वर्गीकरण की कोई विशिष्ट पद्धति जैसे डिवी की दशमलव वर्गीकरण पद्धति, रंगानाथन की कोलन पद्धति।
classified arrangement	वर्गीकृत क्रम प्रलेखों का वह क्रम जो किसी वर्गीकरण पद्धति के अनुसार निश्चित किया गया हो।
classified catalogue	वर्गीकृत सूची देखिये 'class catalogue'

classified filing system — वर्गीकृत फाइल पद्धति

ऐसा विषयवार तार्किक क्रम जो संख्याओं या संकेतों से सूचित किया जाता है।

classified order — वर्गीकृत क्रम

पुस्तकों या प्रलेखों का वह क्रम जो किसी वर्गीकरण पद्धति के अनुसार निश्चित किया गया हो।

classified part — वर्गीकृत भाग

सूची का वह भाग जिसमें प्रविष्टियां वर्ग संख्या के आधार पर व्यवस्थित की गई हों।

class index entry — वर्ग निर्देश प्रविष्टि

शृंखला प्रक्रिया द्वारा मुख्य प्रविष्टि या अन्तर्विषयी प्रविष्टि की वर्ग संख्या से प्राप्त विषय शीर्षकों के अन्तर्गत बनाई गई प्रविष्टियां।

class number — वर्गीकरण संख्या

वर्गीकरण पद्धति में प्रलेख, पुस्तक आदि को दी गई वह संख्या जो पुस्तकालय-शेल्फ पर विषयानुसार उनका स्थान निर्धारित करती है।

clipping service — कतरन सेवा

विशेष विषयों के लेखों को अखबारों या पत्र-पत्रिकाओं में काटना और कतरनें पाठकों को उपलब्ध कराना

closed access — **अप्रवेश्य**

ऐसा ग्रन्थालय या उसका कोई सग्रह जहा पाठको को पुस्तको तक मुक्त प्रवेश की सुविधा साधारणतया नही दी जाती ।

closed joint — **दृढ़ संधि, दृढ़ जोड़**

जिल्दसाजी मे ऐसा मजबूत जोड जो गत्तो को जोड़ने से बनता है ।

collaborator — **सहलेखक**

ऐसा लेखक जो एक या अधिक लेखको के साथ मिल कर लेखन कार्य करे ।

collateral array — **सपार्श्विक पक्ति, सवर्ग पंक्ति**

एक ही क्रम की पक्तिया जो उसी विषय मे पाई गई हो ।

collateral class — **संपार्श्विक वर्ग**

एक ही विषय और क्रम मे प्राप्त वर्ग जिनका सबध उसी पक्ति मे न हो।

collection number — **संकलन अंक**

ऐसी सख्या जो मुख्य सग्रह के अतिरिक्त अन्य सग्रह का सकेत करे ।

collective title — **समुच्चित आख्या, समुच्चय आख्या**

पुस्तक के ऐसे शीर्षक जिनमे सब लेख अलग-अलग लेखको द्वारा लिखित हो । यदि लेखक, सकलनकर्ता या सपादक सस्था वहुत प्रसिद्ध न हो तो सूची पत्र मे प्रविष्टि शीर्षक के अ गंत की जाती है ।

colon book number — कोलन पुस्तक संख्या

कोलन पद्धति द्वारा दी गई पुस्तकों एवं प्रलेखों के व्यष्टिकरण हेतु पुस्तक संख्या विधि।

colon classification — कोलन वर्गीकरण

डा० एस० आर० रंगनाथन द्वारा बनाई गई वर्गीकरण पद्धति।

compact shelving — संहत संग्रह

पाठ्य सामग्री के संग्रह हेतु निर्मित ऐसी चल निधानी जो संग्रह-कक्ष में आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाई जा सके जिसमें अधिकतम पाठ्य सामग्री समा सके और जो व्यवहार के पश्चात् यथा स्थान रखी जा सके। इस प्रकार संग्रह कक्ष मे ग्रंथ संग्रह की क्षमता बढ़ जाती है और मितव्ययता भी होती है।

comparison relation — तुलना संबंध

वह कला संबंध जिसमें कला-1 की तुलना कला-2 के साथ की जाती है।

compiler — संकलनकर्त्ता

अनेक स्रोतों या लेखकों से प्राप्त मुद्रित सामग्री को इकट्ठा करने या उसका संपादन करने वाला।

compiler entry — संकलनकर्त्ता प्रविष्टि

पुस्तक सूची की वह प्रविष्टि जो संकलनकर्ता के नाम से तैयार की गई हो।

complete assortment — **निश्शेष वर्गीकरण**

लक्षण क्रम के आधार पर किसी समष्टि की प्रविष्टियों के वर्गीकरण की ऐसी क्रिया जिसमें अन्त में कोई गुणन शेष न रहे।

complete chain — **पूर्ण शृंखला**

ऐसी शृंखला जिसमें मूल समष्टि उस शृंखला की प्रथम कड़ी और एक विषयक वर्ग की अन्तिम कड़ी हो। इसे अनाबद्ध प्राथमिक शृंखला भी कहते हैं।

complex array isolate — **सम्मिश्र पंक्ति वियोजक**

ऐसा पंक्ति वियोजक जो दो या अधिक, एक या अधिक पंक्तियों में उनको मिलाने से पाया जाए और जो उन दोनों का संबंध भी बताए, तथा उनके अध्यारोपण से भिन्न हो।

complex class — **सम्मिश्र वर्ग**

ऐसा वर्ग जो दो या अधिक मूल वर्गों के योग से बने तथा उनके संबंध को अभिव्यक्त करे।

complex isolate — **सम्मिश्र वियोजक**

दो या अधिक वियोजकों के मेल से एक तथा एक ही मुख में निर्मित वह वियोजक जो अध्यारोपण के अतिरिक्त आपसी संबंध को अभिव्यक्त करे।

compound class — संयुक्त (मुखी) वर्ग

ऐसा वर्ग जिसमें एक मूल मुख तथा एक या अधिक वियोजक मुख हो।

compound subject heading — संयुक्त विषय शीर्षक

ऐसा विषय शीर्षक जो वाक्यांश या दो शब्दो से मिल कर बना हो।

concealed joint — प्रच्छन्न जोड़

अस्तर कागज का ऐसा जोड़ जिसमें कपड़ा कागज से ढंका हुआ हो।

conjugate leaves — संयुग्मी पन्ने

पुस्तक के ऐसे दो पन्ने जिन्हें सिलाई वाले मोड़ पर से फैलाने पर कागज का एक ही टुकड़ा प्राप्त हो।

connecting digit — संयोजक अंक

ऐसा अंक जो वर्ग संख्या में योजक का काम करे। उसे वर्गीकरण भाषा मे संयोजक अक कहा जाता है।

connecting symbol — संयोजी प्रतीक

ऐसा प्रतीक जो एक या एक से अधिक विषयो या मुखो को जोड़ने का कार्य करे।

connective catalogue — संयोगी सूची, अन्तर्निर्देश सहित सूची

ऐसी शब्दकोशीय सूची जिसमे प्रतिनिर्देशो की योजना से प्रविष्टियों को एक समग्र रूप में प्रस्तुत करने के लिए मिलाया जाता है। निर्देश व्यापक विषयो से कम व्यापक विषयों की ओर तथा अधीनस्थ विषयो की

ओर दिए जाते हैं अथवा निर्देश इसके विपरीत भी दिए जा सकते हैं।

consolidated index — समेकित अनुक्रमणिका

किसी पुस्तक के कई खंडो, धारावाहिक प्रकाशनो या अन्य क्रमिक प्रकाशनो अथवा स्वतन्त्र रचनाओ की तैयार की गई अनुक्रमणिका।

contents note — विषय विवरण, विषय टिप्पण

सूची प्रविष्टि के अंत मे दी गई टिप्पणी जिसमे अनुच्छेदो या खडो के शीर्षक भी दिए जाए।

continuation card — अनुवर्ती कार्ड

देखिए 'extension card'

conventional time isolate — पारंपरिक काल वियोजक

काल का परम्परागत वियोजन यथा शताब्दी, दशाब्दी, वर्ष आदि।

cooperative book selection — सहकारी पुस्तक चयन

प्रलेख या पुस्तक सप्राप्ति के लिए पुस्तक चयन की दो या अधिक पुस्तकालयो द्वारा अपनाई गई ऐसी नीति जिससे एक दूसरे के स्टॉक की जाच खरीद करने से पहले कर ली जाती है ताकि पुस्तको की अतिरिक्त प्रति की सप्राप्ति से बचा जा सके।

copy number — प्रतिसंख्या

किसी पुस्तक की बोध सख्या मे जोडा गया ऐसा अंक या अक्षर जो पुस्तक की अनेक प्रतियो मे भेद बता सके।

corporate author — **समष्टि ग्रंथकार**

कोई सरकार, सरकारी विभाग, समिति या संस्था जो पुस्तको के प्रकाशन की अनुमति दे तथा जिसे लेखक मान कर सूची पत्र में प्रविष्टि की जा सके। ग्रंथ में वर्णित विचारो तथा अभिव्यक्ति का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व उसी निकाय या उसके किसी अंग पर होता है और किसी व्यक्ति या व्यक्तियो पर निजी रूप मे नहीं होता जो उसके अंग होते हैं या उसमें पदासीन रहते हैं या अन्य किसी प्रकार मे उससे संबंधित होते है।

corporate body — **समष्टि निकाय, निगमित निकाय**

वह संगठन या व्यक्तियों का समूह जो एक खास नाम से जाना जाता है तथा जो एक सत्ता के रूप में कार्य करता है या कर सकता है।

corporate entry — **समष्टि प्रविष्टि**

सूची मे वह प्रविष्टि जो किसी सरकार, सरकारी विभाग, समिति, सम्मेलन, संस्था, संघ आदि द्वारा प्रकाशित रचना के लिए उसके नाम से की जाए।

cover pocket — **आवरण पॉकेट, आवरण जेब**

पुस्तक की जिल्द (समान्यतः पिछली) के अन्दर की ओर लगाई गई ऐसी जेब जिसमें नक्शा या उसी प्रकार की कोई अन्य सामग्री रखी जा सके।

cover title	आवरण शीर्षक, आवरण आख्या पुस्तक का वह शीर्षक जो प्रकाशक द्वारा दी गई जिल्द पर लिखा गया हो और मुख पृष्ठ पर दिए गए शीर्षक से भिन्न हो। यह जिल्दसाज के शीर्षक से भिन्न होता है।
cowcalf principle	गोवत्स न्याय एक ही विषय के दो पक्ष अ और व एक दूसरे से भिन्न व वियोज्य होते हुए भी अलग नहीं किए जाते हों और उन्हें एक ही इकाई माना जाता हो।
critical bibliography	समीक्षात्मक ग्रंथविज्ञान पुस्तक के भौतिक स्वरूप की जाच जिससे यथेष्ट रूप से पुस्तक के निर्माण एवं उसके ऐतिहासिक परिवेश का पता चलता है।
cross reference	प्रति निर्देश सूची तैयार करते समय एक शीर्षक में दूसरे शीर्षक के लिए दिया गया संदर्भ।
Cutter classification	कटर वर्गीकरण सी० ए० कटर द्वारा निर्मित वर्गीकरण पद्धति। इस पद्धति में सात सम्पूर्ण वर्गीकरणों की रूपरेखा में प्रत्येक पिछला वर्ग अगले वर्ग से अधिक सूक्ष्म होता है।

Cutter table — कटर सारणी

सी० ए० कटर द्वारा तैयार की गई वर्णानुक्रम योजना। इसमे उपनाम या शब्दो के आद्यक्षर के साथ दो या तीन अंकों का प्रयोग होता है।

D

data processing — वृत्त प्रक्रमण

उपलब्ध सूचना को अधिक सरल, सुबोध व अर्थपूर्ण बनाने के लिए मशीनो द्वारा परिचालन की क्रियां या भाव।

date card — दिनांक पत्रक, तारीख कार्ड

ऐसा कार्ड जो पुस्तक–जेब में रखा जाता है और जिस पर पुस्तक की निर्गम तिथि या पुस्तक लौटाने की तिथि अंकित की जाती है।

dato duc — देय तिथि

किसी पुस्तकालय द्वारा दी गई पुस्तक को लौटाने की अन्तिम तिथि।

date guide — दिनांक दर्शक

निर्गत की गई पुस्तको के कार्ड ट्रे मे लगाने के लिए प्रयुक्त की जाने वाली ऐसी गाइड जिसमे तारीखे अंकित होती है।

date of issue — निर्गम दिनांक

पुस्तकालय से सदस्य या पाठक को पुस्तक देने की तारीख।

date of publication — प्रकाशन वर्ष, प्रकाशन तिथि

पुस्तक प्रकाशित होने का वर्ष या दिनाक जो साधारणतया पुस्तक के मुख पृष्ठ पर नीचे के ओर अंकित होता है।

date slip	दिनांक पर्णी, दिनांक पर्ची पुस्तक—जेब में रखा गया कार्ड जिस पर पुस्तक देने या लौटाने की तिथि अंकित की जाती है।
decimal classification	दशांश वर्गीकरण, दशमलव वर्गीकरण मेल्विल डिवी द्वारा प्रणीत वर्गीकरण पद्धति, जिसके अनुसार सम्पूर्ण मानवीय ज्ञान को दस मूल वर्गों में विभक्त किया गया है और इन वर्गों के विभागों और उपविभागों को दशमलव के सिद्धान्त और प्रयोग के आधार पर दस-दस में विभाजित किया गया है।
decimal fraction device	दशमलव युक्ति, दशांश युक्ति वर्गीकरण पद्धति में प्रत्येक अंक का स्थानिक मान दशमलव चिन्ह की भांति निश्चय करने की पद्धति, चाहे दशमलव बिन्दु लगाया जाए या नहीं।
deck area	डेक क्षेत्रफल डेक का वर्ग क्षेत्र जिसमें कार्य क्षेत्र, तथा सीढ़ियों इत्यादि द्वारा घेरा गया क्षेत्र शामिल हो। इसमें अनुसन्धान कक्षों का क्षेत्र शामिल नहीं होता।

dedication copy — **समर्पित प्रति**

पुस्तक की वह प्रति जो लेखक द्वारा उस व्यक्ति को दी जा रही हो जिसे वह समर्पित हो।

deluxe binding — **डीलक्स जिल्द**

पुस्तक पर चढाई गई बढ़िया चमड़े की जिल्द जिस पर हाथ या मशीन से लिखाई व सजावट की गई हो।

deposit fee — **प्रतिभूति शुल्क**

किसी सदस्य द्वारा जमा की गई राशि जो सदस्यता समाप्त होने पर या सब पुस्तकें लौटा देने पर लौटा दी जाती है।

depository catalogue — **निक्षेप सूची**

पुस्तक सूची का वह पूर्ण सेट जो किसी पुस्तकालय द्वारा प्रकाशित किया गया हो और कुछ चुने हुए पुस्तकालयो में रखा गया हो। जैसे —लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस में।

depository collection — **निक्षेप संग्रह**

ऐसा ग्रंथ संग्रह जो अधिक सक्रिय न होने के कारण एक नियत स्थान पर रखा जाए और मांगे जाने पर नियंत्रित रूप से परिचालित किया जाए।

depository library — **निक्षेप पुस्तकालय, निक्षेप ग्रंथालय**

किसी राष्ट्र द्वारा विधिवत रूप से घोषित वह ग्रंथालय जहां राष्ट्र में प्रकाशित सामग्री प्रकाशकों द्वारा निःशुल्क भेजी जाती है।

deposit station — **निक्षेप केन्द्र**

पुस्तकालय की वह शाखा जिसका संकलन मुख्य शाखा से प्राप्त हो और वह समय-समय पर बदला जाता रहे तथा वह किसी निश्चित समय में विशिष्ट क्षेत्र में कार्य करे।

descriptive cataloguing — **वर्णनात्मक सूचीकरण**

सूचीकरण का वह पक्ष जो केवल पुस्तकों के विवरण और पहचान से संबंधित हो।

desk schedule — **व्यक्ति कार्यतालिका**

पुस्तकालय के कार्यों से संबंधित विभागों के कर्मचारियों की कार्य तालिका।

destination slip — **गंतव्य पर्णी**

पुस्तकों में पुस्तक प्राप्ति विभाग या तकनीकी विभाग द्वारा लगाई गई रंग-बिरंगी पर्चियां जिनके रंग या टिप्पणी से प्रकट होता है कि अमुक पुस्तक किस पुस्तकालय में भेजी जानी है।

detached copy — **वियुक्त प्रति**

किसी पत्र-पत्रिका की ऐसी प्रति जिसमें से किसी विषय से संबंधित कुछ लेख-पृष्ठ निकाल लिए गए हों।

Dickman charging system — **डिकमैन निर्गम पद्धति**

एक विशिष्ट निर्गम पद्धति (न्यूयार्क पद्धति) का सरल और पंजीकृत रूप जिसमें गलतियों की संभावना कम रहती है।

difference relation	विभेद संबंध वह कला सबंध जिसमें कला-1 तथा कला-2 के बीच विभेद का प्रतिपादन किया जाता है।
digit	अंक वर्गीकरण संख्या में प्रयुक्त या उसकी रचना करने वाला कोई स्पष्ट प्रतीक ।
disjunctive treatment	वियोजक विवेचना किसी कृति मे ऐसा विषय प्रतिपादन कि प्रत्येक उपविभाग स्वय में एक स्वाधीन विषय हो और वे उपविभाग ऐसे हो कि जिन्हें एक दूसरे से पृथक् न किया जा सके ।
disjunct leaf	पृष्ठ-शेष पुस्तक के पन्ने का अवशिष्ट भाग जो पुस्तक से पृष्ठ का अवांछित भाग निकाल देने के बाद बचा रहता है ।
display rack	प्रदर्शन रैक पुस्तकालय में पुस्तको एवं प्रलेखो आदि के प्रदर्शन के लिए प्रयुक्त स्टैंड ।
display van	पुस्तक प्रदर्शन यान ऐसी गाडी जिसका प्रयोग गाड़ी के अन्दर या पास से गुजरने वाले व्यक्तियो के सम्मुख प्रलेखों, पुस्तकों आदि के प्रदर्शन के लिए किया जाता है।

divisional library — प्रभाग पुस्तकलालय, प्रभाग ग्रंथालय

पुस्तकालय पद्धति मे किसी प्रभाग या कालेज अथवा विश्वविद्यालय से सबधित पुस्तकालय जो मुख्य पुस्तकालय प्रणाली के सहयोग से कार्य करता है।

double book — अर्धपृष्ठ मुद्रित पुस्तक

पन्ने के आधे भाग पर मुद्रित पुस्तक।

double entry charging system — दोहरी प्रविष्टि निर्गम पद्धति

पुस्तको की ऐसी निर्गम पद्धति जिसमे निर्गम का दोहरा रिकार्ड रखा जाता है। एक पुस्तक लौटाने की तिथि के आधार पर तथा दूसरी पुस्तक के विषय, लेखक आदि के आधार पर।

double setting — (मुद्रा) पुर्नविन्यास

किसी पुस्तक के मुद्रण के पश्चात् उसके किसी भी भाग की अधिक प्रतिया मुद्रित कराने के लिए फिर सामग्री कपोज कराने और फर्मा बधवाने की क्रिया या भाव।

drop down title — प्रथम पृष्ठस्थ आख्या

किसी पुस्तक के मूल पाठ के प्रथम पृष्ठ पर दी गई आख्या। यह प्राय हस्तलिखित पाडुलिपि मे पाया जाता है।

4—387 Edu/87

dry point etching — तीक्ष्ण सूची निक्षारण

किसी धातु पर सीधे ही किसी तेज सुई से उत्कीर्णन जिसमें किसी अन्य तल या अम्ल का प्रयोग नहीं किया जाता। इस विधि से प्राप्त मुद्रण।

dust cover — जिल्द आवरण

पुस्तक का सादा या मुद्रित आवरण जिसके दोनों सिरे जिल्द और पुस्तक के मध्य मुड़े होते हैं। इसे हटाया जा सकता है।

dust jacket — धूलिरोधी जैकेट

देखिए 'dust cover'

dutch corner — गोल कोण

पुस्तक की जिल्द में ऐसा गोल कोना जिसमें अतिरिक्त आवरण को काटा नहीं जाता अपितु एक दूसरे की तिरछी तहों में रख दिया जाता है।

E

edition — संस्करण

किसी कृति के मुद्रण या प्रकाशन का कोई क्रमिक रूप।

effective decade — प्रभावी दशाब्दी

ईसवी शताब्दी में ऐसी दशाब्दी जिसकी संख्या विषम अर्थात् 1, 3, 5 · हो।

elephant folio — एलिफेंट फोलियो

सामान्य आकार के पन्ने से बड़ा पन्ना जिसका आकार 356 मि० मी० × 584 मि० मी० होता है।

embossed book — समुद्भृत पुस्तक

ऐसी पुस्तक जो उभरे हुए अक्षरो में छपी हो। नेत्रहीनो के लिए ब्रेल पद्धति से छपी पुस्तक इसी प्रकार की होती है।

embroidered binding — कसीदेदार जिल्द

पुस्तक की ऐसी जिल्द जिस पर कढा हुआ कपडा चढा हो।

emptying substantive digit — रिक्तकारी मुख्यभागीय अंक

वर्गीयमान ऐसा अक जो अपने पूर्ववर्ती अक के मूल्य को समाप्त कर देता है।

encipher — चिह्नीकरण

किसी सदेश को गुप्त लिपि मे लिखना या व्यक्त करना।

encyclopaedia — विश्वकोश

समस्त ज्ञान या किसी विषय से सवधित प्राय: वर्ण क्रमानुसार व्यवस्थित सार गर्भित लेखो का पुस्तक रूपी सकलन।

encypher — चिन्हीकरण

देखिए 'encipher'

end leaf — अंत्य पत्र

जिल्दसाज द्वारा लगाया गया अन्तिम पृष्ठ जो जिल्द के साथ होता है। ऐसा पन्ना या तो अस्तर के साथ जुड़ा होता है या अलग से सिला हुआ होता है।

end matter	**अन्तिम अंश**
	पुस्तक मे विषय वस्तु के बाद लगाई गई इतर सामग्री जिसमे परिशिष्ट, ग्रथ सूची, शब्द सूची आदि होते है।
engraved title page	**उत्कीर्ण मुख पृष्ठ**
	इसमे किसी अलकृत डिजाइन मे पुस्तक का शीर्षक होता है तथा लेखक का नाम या प्रकाशन विवरण इस पृष्ठ पर प्राय. दिया नही जाता।
enlarged edition	**परिवर्धित संस्करण**
	पुस्तक का ऐसा नया सस्करण जिसमे पिछले संस्करण की त्रुटिया नही होती और कभी-कभी कुछ नई सामग्री भी जोड़ दी जाती है।
enrolment	**नामांकन**
	रजिस्टर मे किसी ग्रंथ, सदस्यता आदि से सबधित प्रविष्टि ।
entity	**पदार्थ सत्ता**
	ऐसा मूर्त प्रत्ययात्मक विद्यमान तत्व जो वस्तु या भाव के रूप मे हो।
entry	**प्रविष्टि**
	पुस्तकालय की सूची मे पुस्तक का रिकार्ड।
entry a line index	**एक पंक्तिक प्रविष्टि अनुक्रमणिका**
	ऐसी अनुक्रमणिका जिसमे प्रत्येक प्रविष्टि एक पंक्ति मे मुद्रित हो सके।

entry element — **प्रविष्टि प्रथम अवयव**

शीर्षक के पद मे उपस्थित वह शब्द या शीर्षक समूह अर्थात् पद के पूर्व वह व्यष्टि-करण विवरणात्मक या अन्य तत्व जिसे अनुच्छेद मे स्थान दिया जाता है।

entry name — **प्रविष्टि नाम**

किसी भी प्रविष्टि का नाम उसके पहले अनुच्छेद मे आये शब्द के आधार पर होता है।

entry statement for author — **ग्रंथकार प्रविष्टि विवरण**

किसी भी प्रलेख मे दिया गया ब्यौरा जिसमे लेखक की जन्म और मरण तिथि (यदि वह मृत हो) और वैकल्पिक नाम, यदि कोई हो, एव उसके साथ-साथ प्रविष्टि के प्रथम एव गौण अवयव का लेखा दिया गया हो।

entry word — **प्रविष्टि शब्द, संलेख शब्द**

उपपद (आर्टिकल) को छोडकर प्रविष्टि तत्व का प्रथम शब्द।

enumerative classification — **परिगणित वर्गीकरण**

ऐसी वर्गीकरण पद्धति जिसमे विशिष्ट विषयो के नाम का गणन किया जाता है।

epitome — **सार निष्कर्ष, संक्षेप**

किसी विपय का सक्षिप्त विवेचन।

ethnic number	भाषा समंक पुस्तकों को भाषावार लगाने के लिए वर्गीकरण संकेत के साथ जोड़ी गई संख्या।
evolutionary order	विकास क्रम वर्गीकरण की पद्धति जिसमें विभिन्न विषय-क्रमानुसार विकास दिखाए जाते हैं।
tissued plate	**ऊतिपत्नित चित्न, ऊतिपत्नित प्लेट** पुस्तक में प्रकाशित ऐसे चित्न जिनकी सुरक्षा के विचार से चित्न और मुद्रित पृष्ठ के वीच मे पतला टिशू कागज़ लगाया जाता है। कभी-कभी इस कागज़ पर चित्न से संवंधित कोई शीर्षक या अवतरण भी छपा होता है ।

title-a-line catalogue	शीर्षक पंक्ति सूची, आख्यक पंक्ति सूची
	ऐसी सूची जिसमे प्रविष्टि में केवल एक पंक्ति हो।
title analytical entry	आख्या विश्लेष प्रविष्टि
	सूची मे ऐसी आख्या प्रविष्टि जो पुस्तक के किसी भाग या लेख के लिए बनाई गई हो और उस प्रविष्टि मे उस पुस्तक का संदर्भ दिया गया हो जिसमे वह लेख या भाग समाविष्ट हो।
title caption	आख्या शीर्ष
	मध्यकालीन पांडुलिपियो या प्राचीन मुद्रित पुस्तको अथवा उनके खंडो के प्रारंभिक शब्द जिनके द्वारा पुस्तक के शीर्षक, लेखक आदि का परिचय दिया जाए।
title catalogue	आख्या सूची, नाम सूची
	ऐसी सूची जिसकी प्रविष्टियां केवल शीर्षक के अंतर्गत बनाई गई हों।
title entry	आख्या प्रविष्टि
	किसी पुस्तक की सूची या ग्रंथ सूची में केवल शीर्षक के अंतर्गत रखा गया आलेख। ऐसी प्रविष्टि शीर्षक के पहले शब्द से शुरु होती है। वह मुख्य या गौण प्रविष्टि हो सकती है।

title page — **मुख पृष्ठ, आख्या पृष्ठ**

किसी पुस्तक के शुरु मे लगा पृष्ठ जिस पर पुस्तक का पूरा शीर्षक और कभी-कभी लेखक या सपादक का नाम तथा प्रकाशन विवरण भी दिया जाता है।

title reference — **आख्या निर्देश**

सूची मे शीर्षक से निर्देश ।

tooled edge — **अलंकृत कोर**

पुस्तक के किनारे जिस पर नमूने बने हो ।

tracing section — **मार्गण संलेख, संकेतिका संलेख, संलेख संदर्शिका**

कार्ड सूची मे ऐसे सभी शीर्षको का मुख्य प्रविष्टि कार्ड पर लेखा-जोखा जिनके अंतर्गत सूची मे कोई रचना दिखाई जाती है । इसमे सभी संबंधित संदर्भों का भी विवरण होता है । यह विवरण कार्ड के आगे या पीछे अथवा संलग्न कार्ड पर भी दिया जा सकता है ।

trade bibliography — **व्यापारिक ग्रंथसूची**

किसी व्यापारिक सगठन जैसे—पुस्तक विक्रेता, पुस्तक वितरक तथा प्रकाशक द्वारा प्रकाशित ग्रंथसूची ।

transliteration — **लिप्यंतरण**

एक लिपि के पाठ को दूसरी लिपि मे प्रस्तुत करना ।

unitary class — **एक विषयक वर्ग**

ऐसा वर्ग जिसमे केवल एक ही सत्ता हो।

unitary group — **एक विषयक समूह**

ऐसा विषय समूह जिसमे केवल एक और एक ही विषय हो।

unit card — **आधार कार्ड**

मूल सूची कार्ड जो मुख्य प्रविष्टि के रूप मे होता है। इससे अन्य प्रतिकृति तैयार कर और उसके ऊपर वांछित शीर्षक देकर अन्य प्रविष्टिया बनाई जा सकती है।

universal bibliography — **सार्वत्रिक ग्रंथ-सूची**

विश्व की पुस्तको की ग्रथ-सूची। श्री कोनरॉड गेसनेर ने विश्व के महत्त्व-पूर्ण प्रकाशनो की सूची तैयार करने का प्रयास किया था। बिब्लियोथिका यूनीवर्सेल्स का प्रकाशन भी 1545 मे हुआ था। वास्तव मे विश्व मे उप-लब्ध महत्त्वपूर्ण प्रकाशनो की सपूर्ण सूची के अनेक प्रयास किए गए जो कभी पूर्ण नही हो पाये। ये प्रयास सार्व-त्रिक ग्रथपरक नियत्रण के रूप मे है।

Universal Decimal Classification (U.D.C.) — **सार्वत्रिक दशमलव वर्गीकरण, यूनि-वर्सल डेसिमल क्लासिफिकेशन**

हेनरी ला फान्टेन एव पाल ओटलट ने 1895 मे ब्रूसेल्स नगर मे "इंस्टी-ट्यूट इटरनेशनल द बिब्लियोग्राफी नामक" संस्था की स्थापना की। 1905

मे प्रथम संपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय संस्करण (फ्रेंच भाषा मे) "मेन्युलद द रेपएटायर बिब्लियोग्रेफिक यूनीवर्सल" नाम मे प्रकाशित हुआ। दूसरा सपूर्ण संस्करण 927/33 मे "क्लासिफिकेशन डेसीमल यूनीवर्सल" नाम से (फ्रेंच भाषा मे ही) प्रकाशित हुआ। तब से इसका कार्य आज तक प्रगति पर है।

universe of wholes — **अखंड वस्तुओ की लोक सत्ता**

किसी विशिष्ट प्रकार की सत्ताओं का संपूर्ण लोक। उदाहरणार्थ–साहित्य लोक, चाहे साहित्य किसी भी भाषा मे लिखा हो।

upper link — **ऊपरी श्रृंखलांग**

अन्तिम कड़ी के अतिरिक्त कोई भी कडी।

V

variorum edition — **पाठालोचित संस्करण**

ऐसा संस्करण जिसमें अनेक संपादको तथा समीक्षको की टिप्पणिया हों।

volumes — **जिल्द, खंड**

ऐसी पुस्तक, जिसकी आख्या, पृष्ठक्रम इत्यादि स्वतत्र रूप मे अपने हो।

W

weeding — छंटाई करना।

अवांछित, अनावश्यक तथा अप्रयुक्त ग्रंथों अथवा अन्य पाठ्यसामग्री को पुस्तकालय-संग्रह से समय-समय पर छाँट देने की क्रिया।

whole number — पूर्ण समंक

किसी प्रकाशक द्वारा किसी पत्रिका के एक अंक या अन्य सामयिक प्रकाशनों को शुरु से अंत तक दिया गया पूरा अंक जो पुस्तकों या माला प्रकाशन को दिए गए अंक से भिन्न होता है।

whole organ principle — अंगांगि-न्याय

यदि क किसी विषय मुख्य मे विषय ख का अंग है तो क को ख से पूर्व-स्थान दिया जाता है।

word by word alphabetisation — शब्दशः क्रम

शब्दशः क्रम मे लगाना।

X

xerography — शुष्कालेखन, जीरोग्राफी

बिजली के प्रयोग तथा स्थिर विद्युतीकरण से आवेशित प्लेट द्वारा प्रतियां बनाने की विधि।

xylographical book — काष्ठ ब्लॉक मुद्रित पुस्तक, काष्ठ फलक मुद्रित पुस्तक

ऐसी पुस्तकें जो लकड़ी के उत्कीर्णित ब्लाकों से छापी गई हों।

Y

year number — वर्ष संख्या

ऐसा प्रतीक जो पुस्तक के प्रकाशन का वर्ष बताए। यह प्रतीक पुस्तकांक का एक भाग होता है और वर्गीकरण पद्धति मे समय सारणी के अनुरूप होता है।

Z

zonal isolate — मंडलीय वियोजक

किसी भू-आकृतिक का उसके आंतरिक गुणों के आधार पर किया गया उपविभाजन।

कम्प्यूटर परिभाषा कोश

A

action period — क्रिया अवधि

समय का खंड विशेष, जिसमें 'स्टोर' से दत्त पढे अथवा लिखे जाते है।

active element — सक्रिय तत्त्व, सक्रिय अवयव

1. अभिकलित्र का क्रियाशील अवयव।

2 मुख्य निविष्ट संकेत के अतिरिक्त अन्य स्रोत से ऊर्जा प्राप्त करने वाला परिपथ।

address — 1. पता 2. संचय स्थल

अभिकलित्र मे पंजी, सचय-स्थान अथवा सूचना-स्रोत को पहचानने के लिए स्वीकृत, संख्यात्मक या अन्य प्रकार के सकेतात्मक नाम, लेबिल आदि।

1. सदेश प्रेषण मे सदेश पहुचने के स्थान का प्रतीकात्मक निरूपण।

2. किसी अनुदेश का सकार्य भाग।

advance feed tape — अग्रिम फीता, अग्रिम टेप

पेपर टेप, जिसके अग्रिम भाग पर उसके आदि या अंत का पहचान सूचक चिह्न हो।

agendum call card — कार्यसूची-बोधक कार्ड

रैखिक पच प्रोग्राम में प्रश्न-आव्यूह के लिए प्रयुक्त कार्यसूची के एक विषय वाला छिद्रित कार्ड।

algorithm — ऐल्गारिथ्म

समस्या विशेष के हल के लिए प्रयुक्त विधि अथवा प्रक्रम; जिसके अंतर्गत निश्चित क्रम मे क्रियाये क[illegible] [illegible]ीष्ट परिणाम प्राप्त किया जाता है। उदाहरणार्थ, महत्तम सम[illegible] के लिए यूक्लिड की कलन

algorithm translation — ऐल्गारिथ्मी अनुवाद

एक भाषा से दूसरी मे ऐल्गारिथ्म द्वारा रूपांतरण।

all purpose computer — व्यापक उपयोगी कम्प्यूटर

देखिए 'general purpose computer'

alphabetic string — वर्ण-लड़ी, वर्णमाला

वर्णक्रम मे व्यवस्थित समुच्चय।

alphameric code — वर्णांक सकेत

अभिकलित्र मे निविष्ट करने के लिए वर्णांकं सकेत।

alphanumeric code — वर्णांक संकेत

देखिए 'alphameric code'

analog computer — अनुरूप अभिकलित्र

सतत आकड़ो को निरूपित करने वाले सतत चरो पर संक्रिया कर समस्या का हल निकालने वाला अभिकलित्र ।

इस प्रकार के अभिकलित्र मे, स्थानांतरण, घूर्णन, वोल्टता आदि भौतिक चरो का प्रयोग होता है । अंकीय अभिकलित्र इसकी तुलना मे असतत आकड़ो द्वारा निरूपित चरो पर सक्रिया करता है।

analog converter — अनुरूप अकीय परिवर्तक

भौतिक गति या विद्युत-वोल्टता आदि के रूप में व्यक्त, अनुरूप अभिकलित्र के निर्गत संकेतो (सिग्नलो) को समानुपाती अकीय रूप मे परिवर्तित करने वाला परिवर्तक।

अकीय अभिकलन तन्त्र के अर्न्तगत इसका प्रयोग किया जाता है।

analog network — परिपथ जाल अनुरूप

भौतिक चरो का द्योतक परिपथ, जो गणितीय संबध इस प्रकार प्रकट करता है कि मापक परिमाण सतत और प्रत्यक्ष जाना जा सके।

array — सारणी

1. पंक्तियो एवं स्तम्भो मे व्यवस्थित अवयवों का निकाय

2. प्रेक्षण समूह का स्पष्ट निरूपण, विशेष रूप से प्रेक्षणों का परिमाण-क्रम मे विन्यास।

assign निर्धारित करना

अभिकलित्र प्रणाली के एक भाग (प्राय: उपांत इकाई) को किसी विशेष उद्देश्य के लिए आरक्षित करना। यह आरक्षण सामान्यत: प्रोग्राम के दौरान स्थायी होता है।

auto abstract स्वत: सार

प्रलेख से ऐल्गारिथ्म द्वारा चुने गए मुख्य शब्दो की सार्थक क्रम में प्रस्तुत सार-सूची।

auto coding स्वत: प्रक्रम

प्रोग्राम के लिपिक कार्य को सरल बनाने वाली कोई भी तकनीक जिसमे अभिकलित्र का उपयोग किया जाता है।

automatic coding स्वत: प्रक्रम

देखिए 'auto coding'

automatic error correction स्वत. त्रुटि सशोधन

ऐसी तकनीक जिसमे त्रुटि संशोधन सकेत और त्रुटि अभिज्ञान संकेत का प्रयोग होता है। इसमें (प्राय) स्वत: पुन संचरण का भी प्रयोग होता है। सचरण सबंधी त्रुटिया स्वत. शोधित हो जाती हैं।

automatic punch(ing) स्वचल छिद्रण, स्वचलित छिद्रण

ऐसी प्रक्रिया जिसके अंतर्गत कार्ड मशीन मे स्वत छिद्रित होते जाते हैं।

'automatic tape punch' भी दखे।

automatic tape punch स्वचल फीता छिद्रक, स्वचल टेप छिद्रक

संयोजन की वह युक्ति जिसके द्वारा पेपर टेप स्वत. छिद्रित होता है।

automatic verifier स्वत. सत्यापक

छिद्रित कार्डो के सत्यापन के लिए प्रयुक्त युक्ति।

B

background processing — परोक्ष प्रक्रमण, परोक्ष ससाधन

प्रोग्राम मे अप्रत्यक्ष रूप से सहायक प्रक्रमण।

background programme — परोक्ष प्रक्रमण, परोक्ष प्रोग्राम

वह प्रोग्राम जिसमे परोक्ष ससाधन की आवश्यकता होती है।

batch processing — समूह ससाधन

अभिकलित्र मे इकाई के रूप में प्रोग्राम समूह के संसाधन की प्रक्रिया।

batch processing mode — समूह ससाधन विधि, समूह प्रक्रमण-विधि

समूह ससाधन की प्रणाली जिसके अंतर्गत समूह विशेष में आवश्यक समस्त प्रक्रियाए (जैसे–सकलन, संयोजन तथा निष्पादन आदि) सतत रूप से निहित होती है।

baud — बॉड

टेलीग्राफ या टेलीफोन के संचरण के वेग को मापने के लिए मात्रक। आजकल यह शब्द प्राय: द्वयंक (बिट्स) प्रति सेकेंड के मात्रक का पर्याय हो चुका है।

binary — द्विआधारी, द्वयाधारी

जिसका आधार 2 हो, यथा–वास्तविक सख्याओ की संकेतन–पद्धति के सदर्भ मे; जिसका आधार 10 के स्थान पर 2 हो।

binary code — द्विआधारी कोड, द्वयाधारी संकेत

द्विआधारी अको से निरूपित चिह्न।

Binary Coded Decimal (B.C.D) — द्विआधारी कूट दशमलव, द्विआधारी कोडित दशमलव

द्विआधारी अको द्वारा दशमिक सख्या के निरूपण की पद्धति, जिसके अंतर्गत प्रत्येक दशमिक अक द्विआधारी अंको (द्वयंको) के संयोजन द्वारा निरूपित होता है।

binary counter — द्विआधारी गणक

धारणा की द्विआधारी मापनी (स्केल) मे अभिलिखित अंको की गिनती करने वाला।

binary digit — द्विआधारी अंक, द्वयाधारी अंक

मूलांक दो से छोटे पूर्णांक को निरूपित करने के लिए प्रयुक्त संप्रतीक, यथा 0 या 1 अभिकलित्र मे, इनका प्रयोग परिपथ की अवस्थाओं के रूप मे होता है, यथा—बुझी अथवा जली हुई बत्ती।

द्विआधारी अंक अथवा द्वयंक, किसी संदेश मे संचारणीय सार्थक सूचना-एककों मे लघुत्तम होते हैं।

bit — द्वयक, द्विआधारी अंक

द्विआधारी अंक का सांकेतिक रूप।
'binary digit' भी देखिए।

bit density — द्वयंक घनत्व

लंबाई या क्षेत्र के प्रत्येक एकांक मे संचित द्वयंकों की संख्या।

bit location — द्वयक स्थान

द्वयंक के संचयन योग्य संग्रहगार की जगह।

bit rate — द्वयंक दर

संचारवाहिका मे द्विआधार वाले स्थानान्तरण की गति।

bit string — द्वयंकमाला, द्वयंक लड़ी

आंकड़ो के संकेत रूप मे निरूपण के लिए द्विआधारी अंको का सतत अनुक्रम।

इसके अंतर्गत हर द्वयंक का महत्त्व, लड़ी मे उसकी स्थिति तथा उस लड़ी के अन्य सदस्य की स्थिति के संदर्भ मे होता है।

Boolean operation — बूलीय संक्रिया

बूलीय बीजावली के नियमो के अनुसार क्रियाशील संक्रिया।

branch instruction — शाखाचयन अनुदेश

देखिए 'control transfer instruction'.

buffer बफर

दत्त/सूचना के संग्रह की ऐसी सहायक युक्ति जिसमें अस्थायी रूप मे दत्त/सूचना को रखा जाता है और जो प्रणाली मे अन्य कार्यों में सम-कालिकता लाने मे सहायक होती है।

buffered input/buffered output बफर निवेश, बफर बहिर्वेश

केन्द्रीय ससाधित्र मे/से समकालिकता के लिए अस्थायी रूप से लगाई गई/निकाली गई दत्त/सूचना।

buffer store बफर सचय

स्थान विशेष, जहा सूचना को अस्थायी तौर पर ऐसी स्थिति मे सचित रखा जाता है कि एक एकक से दूसरे एकक को भेजा जा सके।

C

call instruction आह्वान अनुदेश

प्रोग्राम नियन्त्रक को उपनेमका की ओर भेजने वाला अनुदेश, जिसमें ाचलों के निर्धारण की व्यवस्था भी हो सकती है।

card loader पत्रक प्रोग्राम भारक,
कार्ड प्रोग्राम भारक

छिद्रित कार्डों मे उपलब्ध प्रोग्रामो को संग्रहागार मे भेजनेवाली नेमका।

card punch buffer कार्ड छिद्रक बफर,
पत्रक छिद्रक बफर

युगपत् कार्ड छिद्रक द्वारा कार्ड छिद्रित होने से पहले सूचना रखे जाने का स्थान।

card punching कार्ड छिद्रण

अक्षरो, अको अथवा संप्रतीको के छिद्र कार्ड मे निरूपित करने की क्रिया।

card-to-magnetic tape converter पत्रक चुम्बकीय टेप,
फीता परिवर्तक

छिद्रित कार्ड से सीधे चुम्बकीय टेप पर सूचना का रूपांतरण।

card-to-tape — पत्रक से फीता

छिद्रित कार्ड से पेपर टेप पर सूचना का सीधा रूपांतरण।

central control unit — केन्द्रीय नियन्त्रण एकक

केन्द्रीय संसाधन एकक का एक भाग, जो प्रोग्राम निष्पादन को नियंत्रित करता है।

centralized data processing — केन्द्रीय दत्त ससाधन

संस्था विशेष की दत्त संसाधन अपेक्षाओं का किसी एक दत्त संसाधन केन्द्र मे समूहीकरण।

central processor unit — केन्द्रीय संसाधन एकक

अन्य एकको के कार्यकलापादि और सूचना पर लागू अंकगणितीय और तार्किक प्रक्रियाओ का संचालक एकक।

central terminal — केन्द्रीय टर्मिनल

हार्डवेयर एकक, जिसमे विभिन्न बाहरी टर्मिनलो से अनियत रूप से सूचना आती है और जहां प्राप्त सूचना को तब तक सचित रखा जाता है, जब तक उसे संसाधनार्थ केन्द्रीय एकक को नही भेज दिया जाता। ससाधन के उपरात यह एकक सूचना को सबंधित टर्मिनलों को लौटा देता है।

chaining search — शृंखलाबद्ध अन्वेषण

शृंखलासूची मे व्यवस्थित सूचना की खोज।

character — चिह्न, सप्रतीक

दत्त ससाधन प्रणाली मे प्रयोग मे आने वाला प्रतीक-समुच्चय का कोई सदस्य जैसे—अक, अक्षर, विराम चिह्न आदि।

character string — चिह्न माला

स्मृति या किसी माध्यम मे चिह्नो की एकविम पंक्ति।

check character — जाच-चिह्न

चिह्न, जो स्वय किसी चिह्न-समूह का भाग हो और सचयन या स्थानान्तरण के समय अन्य चिह्नों की स्वीकार्यता की जाच करे।

checking programme · जाच प्रोग्राम, जाच प्रक्रम

प्रोग्राम, जिसमे अभिकलित्र या अन्य प्रोग्रामो की त्रुटियो का पता लगे।

COBOL कोबोल

शब्दबंध के चार आद्यक्षरो Co+B+O+L से मिलकर बना तकनीकी शब्द । परिभाषा के लिए Common business oriented language भी देखे ।

collate मिलान

क्रमबद्ध समुच्चयन प्रक्रिया, जिसमे मदे क्रमबद्ध हो और जो स्वयं मदो के दो या अधिक विभिन्न अनुक्रमो से बना हो।

column binary बाइनरी कॉलम

कार्डो के कालम में द्विआधारी चिह्न निरूपण।

commercial data processing व्यावसायिक दत्त संसाधन

व्यावसायिक अनुप्रयोग से संबधित दत्त ससाधन, जैसे—वस्तुसूची नियन्त्रण।

commercial language व्यावसायिक भाषा

व्यावसायिक कार्यो से संबंधित एल्गोरिथ्म को व्यक्त करने के लिए प्रयुक्त भाषा, जैसे—वेतन चिट्ठा, बीजक बनाना आदि।

common business oriented language (COBOL) सामान्य व्यावसायिक अभिविन्यास भाषा

व्यावसायिक दत्त संसाधन को व्यक्त करने के लिए रूपांकित सामान्य प्रक्रिया भाषा।

common language सामान्य भाषा

दत्त या सूचना का संसाधन प्रणाली के एकको के लिए सुबोधगम्य रूप मे प्रस्तुतीकरण, ताकि सूचना को विभिन्न एकको के बीच स्थानांतरित किया जा सके।

common storage area सामान्य संचय-क्षेत्र

सचय का क्षेत्र, जिसका उपयोग एक से अधिक प्रोग्रामो या एक ही प्रोग्राम के एक से अधिक खडो या नेमकाओ के द्वारा हो सके।

communication devices — संचार-युक्ति

संचार प्रक्रिया के अंतर्गत निम्न अपेक्षाओ की पूर्ति के लिए प्रयुक्त युक्तियां :—

(1) स्वतः दत्त तकनीको द्वारा दत्त संग्रह।

(2) दत्त-प्रेषण।

(3) प्रेपण-त्रुटि की जाच।

(4) केन्द्रीय संसाधन एकक द्वारा टर्मिनल मे दत्त के पुनरावर्तन की व्यवस्था।

(5) दत्त-प्रस्तुतीकरण।

compare — मिलान

समानता या विसंगति की दृष्टि से दो या अधिक फाइलो की तुलना।

compilation time — रूपातरण अवधि

स्रोत भाषा से लक्ष्य भाषा तक प्रोग्राम के रूपातरण का समय।

compiler — रूपातरक

स्रोत भापा मे लिखे कम्प्यूटर अनुदेशों को यत्र भापा मे परिवर्तित करने वाला सम्मिश्र प्रोग्राम।

computer — अभिकलित्र, कम्प्यूटर

यांत्रिक उपकरण, जिसके द्वारा सूचना को ग्रहण कर उसे निर्धारित प्रक्रमो मे लागू करने के उपरात, तदनुरूप परिणामो को प्रस्तुत किया जा सके।

अभिकलित्र मे प्राय. निवेश एव बहिर्वेश उपकरण, सचयक, अक-क्रिया, तर्कसगत एकक तथा नियंत्रण एकक आदि होते है।

computer personnel — अभिकलित्र कर्मचारी वर्ग

कम्प्यूटर का कार्य करने वाले तकनीकी व्यक्ति।

अभिकलित्र के कार्य कलापादि से सबद्ध कर्मचारी समुदाय।

computer programme — अभिकलित्र प्रोग्राम

अभिकलित्र में प्रयुक्त अनुदेशों का समुच्चय, जिसकी सहायता से अपेक्षित कार्य का निष्पादन हो सके।

computer system — अभिकलित्र प्रणाली

केन्द्रीय ससाधित्र तथा समीपस्थ परिधीय एकक जो ससाधित्र के युगपत् होते या हो सकते हैं। इनमें अभिकलित्र-व्यूह बनता है, जिसे 'विन्यास' भी कहा जाता है।

conditional stop instruction — सोपाधिक विराम अनुदेश

ऐसा अनुदेश जो किसी निश्चित स्थिति या स्थितियों में प्रोग्राम को रोक देता है।

console display register — कन्सोल प्रदर्श रजिस्टर

रजिस्टर विशेष, जिसमें कन्सोल प्रदर्श पर सूचना प्रदर्शित की जाती है।

console typewriter — कन्सोल टंकित्र

उपयोक्ता और अभिकलित्र के बीच संचार का माध्यम।

control computer (process) नियन्त्रण अभिकलित्र (प्रक्रम)

देखिए 'real time computer'

control sequence — नियन्त्रण अनुक्रम

प्रोग्राम के निष्पादन में नियन्त्रण स्थापक क्रम।

control statement — नियन्त्रक अनुदेश

वह अनुदेश जो प्रोग्राम के निष्पादन को नियन्त्रित करता है।

control tape — नियंत्रक टेप

प्लास्टिक-टेप या कागज का टेप जो मुद्रण की क्रिया को नियंत्रित करता है।

control totals नियंत्रक योग

रिकार्डों और फाइलो में अभिलिखित जोड़, जिससे यह जाच की जा सके कि विशिष्ट संसाधन-क्रिया के मध्य, ससाधन का कार्य रिकार्डों मे अभिलिखित हो चुका है या नही ।

control transfer instruction स्थानातरण अनुदेश

प्रोग्राम निष्पादन को अपेक्षित दिशा देने मे प्रयुक्त हिदायत ।

conversational compiler वार्तालाप-संकलक

कम्प्यूटर-सक्रिया मे वार्ता विधि को एकत्र करने वाला यत्र ।

coordinate indexing समेकित सूचीकरण

समान स्तर के निरूपक शब्दो द्वारा प्रलेखो की अनुक्रमणीकरण प्रणाली ताकि सूचना संग्रह मे एक या अधिक निरूपको द्वारा खोज सभव हो सके ।

cybernetics साइबरनेटिक्स

विज्ञान की वह शाखा, जिसमे नियत्रण प्रणालियो के सिद्धातो का पशुओ और मनुष्यो के तत्रिका-तंत्रो तथा मशीनो का तुलनापरक विशेष अध्ययन किया जाता है ।

cycle shift चक्रीय स्थानातर

देखिए 'cyclic shift'.

cyclic shift चक्रीय स्थानान्तर

सप्रतीको अथवा द्वयंको की माला में, यह मान कर किया गया स्थानान्तर, कि सवृत पाशीय माला के एक सिरे पर दिया गया दत्त दूसरे सिरे पर स्वत आ जाएगा ।

cyclic store चक्रीय सग्रह

सचयन-व्यवस्था, जिसके अंतर्गत संचयित सूचना आदि इस प्रकार से रखी गई हो कि विविध वर्गो में संकलित सूचना आधारभूत चक्र में नियत बिन्दु के माध्यम से पहुचाई जा सके, उदाहरणार्थ—चुबकीय ड्रम ।

D

data — आंकड़े, दत्त

अकों, वर्णों आदि सप्रतीकों का समुच्चय, जो अनुदेशों के द्वारा रूपांतरित अथवा संसाधित किया जा सके।

कभी-कभी दत्त का प्रयोग सूचना के पर्याय के रूप में होता है।

data adapter unit — दत्त अनुकूलक एकक

दत्त संचार वाहिकाओं से केन्द्रीय संसाधित्र को जोड़ने के लिए बना एकक।

data analysis display unit — दत्त विश्लेपण प्रदर्शक एकक

बहिर्वेश यूनिट, जिसमें कैथोड किरण नालिका चाक्षुप प्रदर्श एककों के द्वारा युगपत् दत्त विश्लेषण की सुविधा सुलभ होती है।

data bank — दत्त बैंक

परस्पर संबद्ध दत्त या सूचना का विशद संग्रह, जो अविलंब उपयोग के लिए आसानी से उपलब्ध हो सके।

data base — दत्त मूल

परस्पर संबद्ध दत्त या सूचना का संचय जिसे इसलिए रखा या संग्रह किया जाता है ताकि सूचना या आंकड़ों की अतिरिक्तता पर नियंत्रण हो सके और इस्तेमाल करने वालों की आवश्यकताओं को पूरा करने की दृष्टि से वह एकाधिक रूप से उपलब्ध हो और उसका संसाधन संभव हो।

data collection — दत्त संग्रह

एक या अधिक स्थलों से दत्त या सूचना को किसी एक स्थान पर एकत्र करना।

data collection and analysis — दत्त-संग्रह एवं विश्लेपण

वह प्रणाली जिसमें दत्त-संग्रह के एककों का केंद्रीय संसाधित्र में सीधा संबंध हो, ताकि दत्त या सूचना का संकलन और स्वतः विश्लेपण आवश्यकतानुसार हो सके।

data communications दत्त संचार

यांत्रिक व्यवस्था, जिसके द्वारा सचार-उपकरणो के प्रयोग के माध्यम से अपेक्षित दत्त या वांछित सूचना टेलीफोन, टेलीग्राफ या रेडियो संचार परिपथों द्वारा भेजी जाती है।

data communications exchange दत्त सचार विनिमय

विशेष हार्डवेयर एकक, जो केन्द्रीय संसाधित्र को संचार जाल (परिपथ) से जोड़ता है।

data communiction terminal दत्त सचार टर्मिनल

सुदूर सर्वोद्देशीय संचार-टर्मिनल, जो सयोजित दत्त के प्रेषणार्थ या असंयोजित सूचना के निर्माण वाले अनुप्रयोगो के लिए सीधे इस्तेमाल किया जाता है।

data control दत्त-नियत्रण

दत्त-संसाधन प्रणाली मे दत्त या सूचना के आगमन या निर्गमन के नियमन से संबंधित प्रक्रिया।

data description दत्त वर्णन

प्रोग्रामी भाषा मे, दत्त या सूचनार्थ मद के अभिलक्षणो का वर्णन।

data format दत्त आरूप, दत्त फार्मेट

निवेश से बहिर्वेश तक किसी भी अवस्था मे दत्त या सूचना अभिव्यक्त करने का तरीका।

data level दत्त-स्तर

स्रोत भाषा मे, रिकार्ड के अंश के रूप मे निर्दिष्ट, विशेष दत्त या सूचना -अंश का अन्य अशो के सापेक्ष क्रम मे स्थान।

data name दत्त-नाम

सूचना या दत्त विशेष की अवस्थिति की पहचान के लिए कम्प्यूटर भाषा में उसे दिया गया नाम।

data preparation दत्त निर्मिति

दत्त या सूचना को कम्प्यूटर मे निवेश-योग्य स्वरूप देने की प्रक्रिया।

data processing दत्त-संसाधन

कम्प्यूटर में दत्त या सूचना-प्राप्ति अथवा परिणाम विशेष के लिए अपनाई गई प्रक्रिया।

data processing centre दत्त संसाधन केन्द्र

दत्त-संसाधन की सुविधा से युक्त केन्द्र।

data representation दत्त-निरूपण

अभिकलित्र प्रणाली में दत्त को सचयन माध्यम के स्वरूप के अनुसार विशेष फार्मेट में प्रस्तुत करना।

data retrieval दत्त संप्राप्ति

देखिए 'information retrieval.'

data statement दत्त कथन

मूल प्रोग्राम के अंग के रूप मे लिखा विवरण।

data station दत्त स्टेशन

दत्त संसाधन निवेश एवं वहिर्वेश युक्तियो से युक्त एकक, जो केन्द्रीय अभिकलित्र से संचार करता है।

data station console दत्त स्टेशन कन्सोल

वह एकक जो दत्त स्टेशन पर स्थानीय निवेश एवं वहिर्वेश युक्तियो को नियंत्रित करता है और केन्द्रीय अभिकलित्र और दत्त केंद्र के मध्य संचार संवंध स्थापित करता है।

data structure दत्त-संरचना

क्रमवद्ध व्यवस्था जिसके अंतर्गत दत्त आसानी से सचित व संप्राप्त हो सके।

data terminal दत्त टर्मिनल

केन्द्रीय अभिकलित्र से दत्त प्राप्त करने तथा उसे भेजने में प्रयुक्त टर्मिनल।

data transmission दत्त-प्रेषण

एक स्थान, एकक, अभिकलित्र प्रणाली आदि से दूसरे स्थान, एकक, अभिकलित्र प्रणाली आदि मे दत्त भेजने की प्रक्रिया।

data type दत्त प्रकार

दत्त की प्रकृति या कोटि को बताने वाला कथन।

decentralized data processing विकेन्द्रीकृत दत्त संसाधन
देखिए 'distributed data processing'

decision table निर्णय-सारणी

चरों और प्राचलो के बीच संबधो का विशेष रूप से विकसित और सुव्यवस्थित सारणी के रूप मे निरूपण।

नियमो का समुच्चय, जो स्थिति सबधी अनुक्रमों या क्रियाओं के क्रम से बनता है।

declarative statement घोषणात्मक कथन

मूल प्रोग्राम के भाग के रूप में अनुदेश, जो प्रोग्राम-अनुवादक के लिए सकार्य के रूप मे प्रयुक्त होता है और दत्त अवयवों तथा अचरो के फार्मेट, आकार और स्वरूप को भी बताता है।

decode विसकेतन

किसी कूट, गुप्त या जटिल लिखित सदेश को सुबोध भाषा मे स्पष्ट करना।

decoder विसंकेतक

1. संकेत-समुच्चय के अर्थ-निर्धारण पर आधारित कम्प्यूटर संक्रिया के निष्पादन की युक्ति।

2. निविष्ट सकेतों के स ोजन के अनुसार बहिर्वेश चैनलों का चुनाव करने वाला स्विचन अवयवो का मैट्रिक्स।

destination file गंतव्य फाइल, गतव्य सचिका

प्रोग्राम के किसी भी रन से प्राप्त दत्त या सूचना-सकलन के लिए निर्धारित संचिका।

diagnostic programme　　निदानकारी प्रोग्राम

वह प्रोग्राम जो प्रोग्रामो की त्रुटिया बताता है या मशीन की खराबी एवं कारणो का पता लगानें में सहायता करता है।

digit　　अंक

संकार्य मे समुच्चय विशेष से लिया गया संप्रतीक।

इसका मान मूल समुच्चय के अनुसार भिन्न-भिन्न हो सकता है। उदाहरण के लिए 991 मे तीन अंक हैं, किन्तु संप्रतीक दो (9 तथा 1) है।

digital clock　　अकीय घड़ी

1. कम्प्यूटर-सक्रियाओ की नियत्रक समय-युक्ति।

2. सलेख के रूप मे कम्प्यूटर-संक्रिया में आवश्यक भौतिक स्थितियो और नेमी घटनाओ का रिकार्ड रखने की युक्ति।

digital converter　　अंकीय परिवर्तक

देखिए 'analog converter.'

direct access storage　　प्रत्यक्ष अभिगम सचय

देखिए 'random access storage'

disk sort　　डिस्क विन्यास

वह प्रोग्राम जो दत्त/सूचना को छाटने के लिए चुम्बकीय डिस्क का अस्थायी रूप में उपयोग करता है।

disk storage　　डिस्क सचयन

चुबकीय डिस्क की सतह पर दत्त सामग्री का संचयन।

distributed data processing　　आबंटित दत्त संसाधन

संक्रियात्मक आवश्यकताओ को पूरा करने के लिए अभिकलन कार्य-कलापों को विभिन्न स्थानों मे बाँट कर दत्त/संसाधन कार्यों की व्यवस्था। जब यह सारा कार्य एक ही संगठन के अंतर्गत होता है तब उसे विकेन्द्रीकृत दत्त संसाधन कहते हैं।

dynamic allocation — गतिक नियतन

प्रोग्राम के निष्पादन के दौरान स्मृति तंत्र में क्षेत्रों का नियतन और पुर्नानियतन ।

E

equivalent binary digits — तुल्यमान द्विआधारी अंक

प्रतीको को दो आधार वाले अंको द्वारा निरूपित करना। उदाहरणार्थ, 9 1011 1001 एक जैसे दो आधार वाले अंक।

error routine — त्रुटि क्रमन

प्रोग्राम के निष्पादन मे आए व्यवधान को जानने एवं उसे दूर करने के लिए प्रयुक्त विधा ।

प्रोग्राम मे व्यवधान होने पर उसके निराकरण के लिए इस विधा का प्रयोग होता है ।

execute — कार्यान्वित करना

किसी क्रमका या अनुदेश द्वारा निर्धारित सक्रिया का किया जाना ।

F

field — क्षेत्र, फील्ड

संप्रतीको के समूह का विस्तार, जो कम्प्यूटर ससाधन की इकाई के रूप में प्रयुक्त होता है ।

field length — क्षेत्र-माप

क्षेत्र मे रखे जा सकने योग्य सप्रतीकों की अधिकतम संख्या ।

यह उल्लेख्य है कि सप्रतीको का निरूपण माध्यम पर निर्भर करता है ।

file — फाइल, मिसिल, संचिका

अभिलेखो आदि का सुव्यवस्थित सग्रह ।

file layout — फाइल विवरण, मिसिल विवरण, संचिका विवरण,

मिसिल के अंतर्गत विषय या विषयो का सुव्यवस्थित उल्लेख ।

file maintenance — फाइल सुस्थापन

फाइल की अन्तर्वस्तु मे परिवर्धन, परिवर्तन अथवा विलोपन से सूचना मे संशोधन ।

flowcharting — प्रवाह-सचित्रण

एलगोरिथम में घटनाओ के क्रम को प्रतीकात्मक रूप में प्रस्तुत करने की एक तकनीक ।

flowchart symbol — प्रवाह-संचित्र प्रतीक

विभिन्न घटनाओं का अभिसामयिक आरेखी चिह्न, जिसे प्रवाह-संचित्र पर दर्शाया जाता है ।

format — फार्मेट, आरूप

दत्त या सूचना को बताने के लिए प्रस्तुत विवरण ।

Fortran — फोर्ट्रान

प्रोग्रामन-तंत्र जिसके अंग एक भाषा और एक प्रोग्राम-अनुवादित्र होते हैं ।

प्रोग्राम अनुवादित्र द्वारा प्रोग्राम को गणितीय भाषा में लिखा जाता है और फिर अभिकलित्र के माध्यम से उस गणितीय भाषा को मशीनी भाषा में अनूदित किया जाता है ।

G

general purpose computer — व्यापक उपयोगी अभिकलित्र

ऐसा अभिकलित्र जिसमें विभिन्न प्रकार की समस्याओ के समाधान हेतु विभिन्न प्रकार के प्रोग्रामो का संचालन होता है ।

generated address — जनित पता

प्रोग्राम मे अनुदेशों द्वारा व्यक्त और उस प्रोग्राम के पश्चवर्ती उपयोग के लिए पता ।

H

halt — विराम

किसी बाधा के कारण प्रोग्राम के निष्पादन का रुकना ।

halt instruction — विराम अनुदेश

प्रोग्राम के निष्पादन को रोकने के लिए मशीनी अनुदेश ।

high level language — उच्च स्तरीय भाषा

एक या अनेक यान्त्रिक भाषा-अनुदेशों के अनुरूप अनुदेश या विवरण से युक्त भाषा ।

hybrid computer — संकर अभिकलित्र

अनुरूप अभिकलित्र तथा अंकीय अभिकलित्र दोनो युक्तियों से मिश्रित अभिकलित्र ।

I

identifier — अभिनिर्धारक

वह लेबल, जिसके द्वारा निवेश/वहिर्वेश मे कोई भी फाइल की स्थिति ज्ञात की जा सके अथवा जिससे स्मृतितंत्र के किसी भी विशेष स्थान को ज्ञात किया जा सके ।

index — अनुक्रमणिका

1. प्रतिपादित विषयों, विविध नामो इत्यादि की वर्णानुक्रमसूची; जो प्राय: पुस्तक के अंत में प्रासगिक पृष्ठ संख्या सहित दी जाती है ।

2. मद, जिसका प्रयोग विशिष्ट अभिलक्षण अथवा संक्रिया को दर्शाने के लिए किया जाता है ।

indexing — अनुक्रमणीकरण, सूचीकरण

विषयों आदि की व्यवस्थित सूची बनाने की क्रिया।

indicator chart — सूचक चार्ट

तर्कसंगत अभिकल्प और संकेतन के दौरान, प्रोग्राम में सूचकों का प्रयोग बताने के लिए प्रोग्रामक-निर्मित चार्ट।

यह प्रोग्राम प्रलेखन का एक भाग होता है।

information — सूचना

उपयोगी रूप में ससाधित दत्त।

सूचना का किए गए विश्लेषण या सकलित आंकड़ों से प्राप्त सक्षिप्त रूप।

information bits — सूचना द्वयंक

दत्त-स्रोत से निःसृत अक या प्रतीक।

संसाधन के पश्चात् इनसे सूचना प्राप्त होती है।

information channel — सूचना-वाहिका

दत्त सचरण-बध मे दो टर्मिनलो के बीच प्रयुक्त हार्डवेयर।

सूचना-वाहिका मे, माड्डुलक, विमाड्डुलक और त्रुटि-अभिज्ञान-उपस्कर आवश्यक होते है। इस वाहिका मे टेलीग्राफ़, टेलीफोन लाइन या रेडियोलिंक से संचरण होता है।

information retrieval — सूचना उद्धरण

प्रचुर मात्रा मे उपलब्ध सूचना के विश्लेषण के आधार पर तीव्र गति से सही अपेक्षित सूचना प्राप्त करने की प्रणाली।

information retrieval system — सूचना उद्धरण तकनीक

देखिए 'information retrieval'

information separator — सूचना विभाजक

सूचना की विभिन्न मदो को अलग-अलग वर्गीकृत करने में सहायक प्रतीक।

initial instruction　　　　　आरंभिक अनुदेश

अनुदेश, जो हार्डवेयर मशीन मे पूर्ण उद्भरण प्रोग्राम को पहुंचाने में सहायक हो।

input　　　　　निवेश

परिरेखीय एकक से स्मृति-तंत्र में भेजा जाने वाला दत्त और सूचना।

input area　　　　　निवेश-क्षेत्र

परिरेखीय एकक अथवा सहायक-स्टोर से दत्त या सूचना के निवेश के लिए स्मृति तंत्र मे सुरक्षित स्थान।

input instruction　　　　　निवेश अनुदेश

प्रोग्राम में दत्त के निवेश के लिए सहायक प्रोग्राम भाषा का अनुदेश ।

input instruction code　　　　　निवेश अनुदेश सकेत

निविष्ट नेमका-लेखन में प्रोग्राम के कार्य के सहज प्रस्तुतीकरण के लिए, स्वतः निविष्ट भाषा के अंग रूप मे अनुदेश-समुच्चय।

input/output buffer　　　　　निवेश/वहिर्वेश वफर

स्मृति-तंत्र का क्षेत्र, जिसमे सूचना परिरेखीय एकको से स्मृति एकक में तथा स्मृति एकक से परिरेखीय एकको में प्रेषण से पूर्व रखी जाती है।

input/output channel　　　　　निवेश/वहिर्वेश वाहिका

निवेश या वहिर्वेश सूचना के नियत्रण के लिए विशिष्ट आदेशों को निष्पादन करने वाला तथा केन्द्रीय ससाधित्र से स्वतंत्र अन्य ससाधित्र।

input/output control　　　　　निवेश/वहिर्वेश नियंत्रक

केन्द्रीय ससाधित्र और उसके परिखीय क्षेत्रो के वीच पारस्परिक क्रिया का नियत्रक हार्डवेयर या सापटवेयर।

input/output control systems निवेश/वहिर्वेश नियत्रण प्रणाली

निवेश और वहिर्वेश संक्रियाओ, जैसे-त्रुटि-निरीक्षण, अभिलेख-गणन, लेबल-लेखन आदि का निष्पादक सापटवेयर ।

input/output device — निवेश/वहिर्वेश उपकरण

कम्प्यूटर हार्डवेयर, जिसके द्वारा दत्त या सूचना स्मृति तंत्र में प्रविष्ट किए जाते है और संसाधित दत्त या सूचना जाने जाते हैं।

input/output library routines — निवेश/वहिर्वेश प्रोग्राम संग्रह

अभिकलित्र निर्माताओ द्वारा विकसित उपकरणो के उपयोक्ताओं के लिए प्रोग्रामो का सग्रह।

input register — निवेश-रजिस्टर

परिरेखीय एकक से, दत्त या सूचना को न्यून गति से प्राप्त कर केन्द्रीय संसाधित्र को तीव्रतर गति से भेजने के लिए प्रयुक्त रजिस्टर।

input station — निवेश स्टेशन

अंत: सचार प्रणाली मे अभिकलित्र का भाग।

निवेश स्टेशन में दत्त या सूचना को फाइल में निविष्ट कर उसे अद्यतन किया जाता है और आवश्यकता पड़ने पर उसका प्रस्तुतीकरण भी।

input storage area — निवेश क्षेत्र

स्मृतितत्र का निर्धारित क्षेत्र जिसमे परिरेखीय एकक से दत्त या सूचना का निवेश होता है।

input unit — निवेश एकक

अभिकलित्र के स्मृति-तंत्र मे सूचना का निवेशक परिरेखीय एकक, जैसे–कार्ड रीडर, पेपर टेप रीडर आदि।

instruction — अनुदेश

द्वयंको के समूह को दत्त या सूचना मे परिवर्तित करने के लिए केन्द्रीय ससाधित्र की हिदायत।

instruction address — अनुदेश-पता

स्मृति तंत्र में उपलब्ध अनुदेश के स्थान का पता।

instruction address register अनुदेश पता रजिस्टर

प्रोग्राम नियंत्रक का भाग, जहां प्रोग्राम की संक्रिया के दौरान स्मृति तंत्र से अनुदेशों के उद्धरणो को नियंत्रित करने के लिए अनुदेशों के पते उपलब्ध होते हैं।

instruction area अनुदेश-क्षेत्र

अनुदेशो को संचित करने के लिए प्रयुक्त स्मृति-तंत्र का क्षेत्र।

instruction format अनुदेश फार्मेट, अनुदेश आरूप

अनुदेश के घटकों का विशिष्ट विन्यास।

instruction modification अनुदेश आपरिवर्तन

अनुदेश के घटको मे परिवर्तन की प्रक्रिया, जिसके कारण प्रोग्राम के स्वरूप मे परिवर्तन होता है।

interleaving अंत पत्रण

किसी प्रोग्राम को अपरिहार्य कारणो से बीच मे रोककर बाद में उसी बिंदु से उसका पुनरारंभ।

उक्त प्रकार के पुनः आरंभ करने की क्रिया।

inverted file व्युत्क्रमित फाइल

फाइल का विशिष्ट स्वरूप, जिसके अनुसार उसमे सन्निविष्ट विषय के प्रत्येक अभिलक्षण के साथ बाहर की ओर उसका अभिज्ञान-प्रतीक संलग्न कर दिया जाता है।

इस अभिज्ञान-प्रतीक से अभिलक्षण वाली प्रत्येक सूचना का ज्ञान होता है।

J

job flow control कार्य-प्रवाह नियंत्रण

परिरेखीय एकको और केन्द्रीय ससाधित्र अवधि के सार्थक उपयोग को अधिकतम करने की दृष्टि से कम्प्यूटर में ससाधित कार्यों के क्रम का नियमन।

कार्य-प्रवाह का नियंत्रण कार्य नियंत्रक द्वारा अनेक प्रकार से किया जा सकता है।

K

key — कुंजी

रिकार्ड का पता लगाने या उसकी पहचान के लिए एक या अधिक प्रतीक ।

यह आवश्यक नही कि प्रतीक सदा रिकार्ड मे सलग्न रहे ।

keyboard — कुंजी पटल

कुजियो के दवाव से अभिलक्षणो के कोडन के लिए एक युक्ति । यह चयन किए हुए संकेत को जनित करने के लिए प्रेरित करता है, जैसे छिद्रित पत्रक मे छिद्रण ।

keyword — मुख्य शब्द

प्रलेख या शीर्पक मे वह महत्वपूर्ण शब्द या वाक्याश जो प्रलेख का सार बताए ।

L

label — लेवल

प्रतीको का वह समूह जो किसी पद के लिए सूचक की भाति प्रयुक्त हो । जैसे–विवरण, अभिलेख, फाइल इत्यादि ।

length — लम्बाई

द्वयंको की संख्या या लक्षण जो किसी शब्द, अभिलेख या आकडे के दूसरे एकक का निर्माण करे ।

library facilities — प्रोग्राम-सग्रह सुविधाएं

अभिकलित्र प्रोग्रामो का एक संग्रह जो उपयोक्ताओ के लिए प्रोग्रामण का प्रयास किए विना तुरन्त प्राप्य हो । प्राय. ये सग्रह पृष्ठक संग्रहागार पर उपलब्ध होते है ।

library programme — सग्रहीत प्रोग्राम

प्रोग्राम सग्रह मे उपलब्ध एक प्रोग्राम ।

library software — संग्रह मृदु-सामग्री

वे सभी प्रोग्राम और लघु प्रोग्राम जो अभिकलित्र प्रणाली में प्रोग्राम संग्रह सुविधाओं के अंतर्गत आते हैं।

library sub-routine — संग्रह उपप्रोग्राम

प्रोग्राम संग्रह में एक उपप्रोग्राम।

library tape — संग्रह टेप

वह चुम्बकीय टेप जिस पर संग्रह मृदु-सामग्री अंकित हो।
'magnetic tape library' भी देखिए।

linked sub-routine — संबद्ध उपप्रोग्राम

देखिए 'sub-routines'

load — लोड

संचय माध्यम में सूचना प्रविष्ट करना।

logic flowchart — तार्किक प्रवाह संचित्र

वह चार्ट जो किसी प्रणाली के तार्किक के घटको और उनके पारस्परिक संबंधो को दर्शाता है।

एक अनुदेश जो निम्नलिखित तार्किक संक्रियाओं का पालन करता है—not (न), and (तथा) एवं or (या)।

logic design — तार्किक अभिकल्पना, डिज़ाइन

तार्किक संकेतो के पदों मे किसी प्रणाली के घटकों का विशिष्टीकरण। यह उस प्रणाली की भौतिक इकाइयों पर निर्भर नहीं होता।

logic diagram — तर्क आरेख

किसी प्रणाली की तार्किक डिज़ाइन का चित्रीय निरूपण।

logic flowchart — तार्किक प्रवाह संचित्र

वह चार्ट जो किसी प्रणाली के तार्किक घटको और उनके पारस्परिक संबधों को दर्शाता है।

loop — आवर्ती

अनुदेशों का वह अनुक्रम जिसका पुनः पुनः निष्पादन होता है और विशेष परिस्थिति के अन्तर्गत इसका निष्पादन रुक जाता है।

M

machine code — यंत्र भाषा

अभिकलित्र में प्रतिपादित वह संकेतीकरण प्रणाली जिसके अनुदेशों का निरूपण हो।

machine instruction — मशीन भाषा अनुदेश

वह अनुदेश जो अभिकलित्र की भाषा में लिखा जाता है अर्थात् जिसे अभिकलित्र यथावत् निष्पादन करता है।

machine language — मशीन भाषा, यंत्र भाषा

यंत्र भाषा में लिखित वह अनुदेश जिसका निष्पादन अभिकलित्र द्वारा रूपांतरण के बिना सीधे हो सके।

machine run — मशीन रन, मशीन सकार्य

अभिकलित्र पर निवेश से बहिर्वेश तक प्रोग्राम का निष्पादन।

machine script — यंत्र लिपि

मशीन संकेत रूप में निरूपित सूचना।

machine word — यंत्र शब्द, मशीन शब्द

प्राथमिक स्मृति तंत्र का संबोधन योग्य लघुत्तम मूल एकक/कुछ अभिकलित्रों में 8 द्वयंक (शब्द का एक भाग) भी संबोधित हो सकता है।

macro instruction — बहुजनक अनुदेश, गुरु अनुदेश

मूल भाषा का वह अनुदेश जो यंत्र भाषा के एक से अधिक अनुदेशों के समान होता है।

magnetic character — चुम्बकीय चिह्न

चुम्बकीय पदार्थ से आवृत्त एक विशेष स्वरूप में मुद्रित चिह्न जो चुम्बकीय स्याही पठित्र द्वारा भी पढ़ा जा सकता है।

magnetic disk — चुम्बकीय डिस्क

कई समतल वृताकार प्लेटो की कोई संचयन युक्ति जिसमे प्रत्येक प्लेट की दोनों सतहे किसी चुम्बकीय पदार्थ से लेपित हो। प्रत्येक सतह मे कई पथ (ट्रैक) होते है और इन पथो से अथवा इन पथो पर, दत्त सामग्री को पठन/लेखन शीर्षो द्वारा पढ़ा अथवा इनमे लिखा जाता है।

magnetic disk file — चुम्बकीय डिस्क फाइल

दत्त या सूचना की ऐसी फाइल जो चुम्बकीय डिस्क पर हो।

magnetic drum — चुम्बकीय द्रोण

चुम्बकीय पदार्थ से लेपित सिलेंडर जैसी सचयन युक्ति।

magnetic ink document reader — चुम्बकीय स्याही प्रलेख रीडर, चुम्बकीय स्याही प्रलेख पठित्र

एक प्रलेखीय पठित्र जो चुम्बकीय स्याही से लिखे हुए प्रलेखो को पढ़ता है।

magnetic memory — चुम्बकीय स्मृति, चुबकीय स्मृति तंत्र, चुम्बकीय स्मृतिका

विद्युत चुम्बकता के सिद्धातो पर आधारित सचयन युक्ति।

magnetic tape — चुम्बकीय टेप

चुम्बकीय पदार्थ से लेपित ऐसा टेप जिसपर सूचना अंकित तथा सग्रहीत की जा सकती है।

magnetic tape drive — चुम्बकीय टेप चालित्र

वह निवेश/वहिर्वेश युक्ति जो चुम्बकीय टेप से अथवा उस पर सूचना स्थानांतरित करे।

magnetic tape library — चुम्कीय टेप सग्रहागार

चुम्बकीय टेप फाइलो का सग्रह तथा उनकी व्यवस्था।

magnetized ink character — चुम्बकीय स्याही प्रतीक

चुम्बकीय पदार्थ से आवृत्त एक विशेष स्वरूप मे मुद्रित चिह्न जो चुम्बकीय स्याही पठित्र द्वारा भी पढ़ा जा सकता है।

main memory — मुख्य स्मृति

एक मुख्य सचय एकक जिसका केन्द्रीय संसाधित्र से सीधा संचार हो।

main programme — मुख्य प्रोग्राम

उपप्रोग्राम से भिन्न एक मुख्य प्रोग्राम जो उपप्रोग्रामो के निष्पादन का नियंत्रण करता है।

main routine — मुख्य नेमका

देखिए 'main programme'

maintenance file — सुस्थापन फाइल

देखिए 'file maintenance'

management information system (MIS) — प्रबध-सूचना तंत्र

प्रबध कार्यों के निष्पादन मे सहायता देने के लिए सूचना पर आधारित प्रणाली।

master file — मास्टर फाइल

वह सदर्भ फाइल जिसमे विस्तृत एव स्थायी सूचना हो तथा जो समय-समय पर अद्यावधिक की गई हो।

master library tape — मास्टर सग्रह टेप

किसी भी दत्त संसाधन केन्द्र मे अपेक्षित सभी प्रोग्रामो तथा उपप्रोग्रामो वाले चुम्बकीय टेप।

इसमें सूचना अद्यावधिक की जाती है।

master program file — मास्टर प्रोग्राम फाइल

देखिए 'master library tape'

memory address register(MAR) — स्मृति पता रजिस्टर

वह रजिस्टर जिसमे स्मृति तत्र के किसी भी शब्द का स्थान निर्देशित हो।

message queuing संदेश पंक्तिकरण

संदेशों की वह पंक्ति जो संसाधन के लिए प्रतीक्षित हो या जिसे टर्मिनल को भेजा जाना हो।

message routing संदेश मार्ग निर्धारण

किसी सूचना सप्रेषण प्रणाली में हार्डवेयर/साफ्टवेयर द्वारा किया गया कार्य। केन्द्रीय कम्प्यूटर में प्राप्त संदेशो को परीक्षण के वाद वांछित गंतव्य स्थान की ओर भेज दिया जाता है।

O

object computer लक्ष्य कम्प्यूटर

वह अभिकलित्र जिस पर लक्ष्य प्रोग्राम का निष्पादन किया जाता है। वह उससे भिन्न हो सकता है जिस पर वह सकलित होता है।

object language लक्ष्य भाषा

वह भाषा जिसमें स्रोत अनुदेश रूपांतरित/अनुवादित हों।

object programme लक्ष्य प्रोग्राम

पूरी तरह संयोजित या संकलित प्रोग्राम जो लोड करने और निष्पादन के लिए तैयार हो।

off line असंयोजित

वह एकक या क्रिया जो केन्द्रीय संसाधन एकक के नियंत्रण में न हो।

offline processing असंयोजित संसाधन

देखिए 'offline'.

असंयोजित संचय

ऐसा संचयन जो केन्द्रीय संसाधन एकक के नियंत्रण में न हो।

on line सयोजित

ऐसा एकक या क्रिया जो केन्द्रीय संसाधित्र द्वारा नियंत्रित हो

on line central file — संयोजित युगपत् केन्द्रीय मिसिल

दत्त या सूचना की ऐसी फाइल जो संयोजित युक्ति पर प्राप्य हो और जो समयानुसार तुरन्त प्रयोग में आ सके।

optical character reader — प्रकाशीय संप्रतीक पठित्र

वह युक्ति जो प्रकाशीय संप्रतीकों की पहचान के सिद्धांतों के अनुसार स्रोत प्रलेखों का निर्वचन करे।

optical character recognition — प्रकाशीय संप्रतीक पहचान

प्रकाशक के प्रति संवेदनशील युक्तियों के द्वारा मुद्रित संप्रतीकों की पहचान।

optimum code — इष्टतम कोड

ऐसी संकेतन प्रणाली जो संचयन युक्ति से किसी वांछित दत्त/सूचना की पुनर्प्राप्ति के लिए अपेक्षित समय को न्यूनतम कर देती है।

optimum coding — इष्टतम कोडन

कम्प्यूटर प्रोग्रामन की तकनीक जो अभिगम काल को कम से कम करती है।

output buffer — बहिर्वेश बफर

देखिए 'input/output buffer'

output channel — बहिर्वेश वाहिका

देखिए 'input/output channel'

output control — बहिर्वेश नियंत्रक

देखिए input/output control'

output control system — बहिर्वेश नियंत्रण प्रणाली

देखिए 'input/output control system'

output device — बहिर्वेश उपकरण

देखिए 'input /output device'

output record — बहिर्वेश अभिलेख

बहिर्वेश के रूप में उपलब्ध या बहिर्वेश क्षेत्र में संचित अभिलेख।

output routine वहिर्वेश उपप्रोग्राम

ऐसा उपप्रोग्राम जो किसी वहिर्वेश युक्ति मे नियंत्रित रूप में सूचना उपलब्ध कराने के लिए अभिकल्पित हो।

P

parallel computer समक्रमिक अभिकलित्र

ऐसा अभिकलित्र जिसमें केन्द्रीय ससाधित्र समकालिक संक्रियाएं करता है।

print format मुद्रण प्रारूप

प्राय: प्रोग्राम विशिष्टीकरण के एक भाग की बजाय, सूचना का इस प्रकार वर्णन कि वह मुद्रण मे मुद्रित हो सके।

priority indicator प्राथमिकता सूचक

किसी सूचना/दत्त के सचरण या प्रोग्राम के निष्पादन के लिए प्राथमिकताओ को वताने वाला संप्रतीक समूह।

programme प्रोग्राम

कम्प्यूटर को स्वीकार्य अनुदेशो या विवरणो की श्रृंखला जो वांछित परिणामो की प्राप्ति के लिए तैयार की जाती है।

programme compatibility प्रोग्राम संगतता

एक अभिकलित्र प्रणाली के लिए तैयार वह प्रोग्राम जो विना संशोधनो के दूसरी अभिकलित्र प्रणाली पर चल सकता हो।

programme compilation प्रोग्राम रूपातरण

स्रोत भाषा में लिखे गए प्रोग्रामों को यंत्र भाषा मे रूपातरित करना।

programme control प्रोग्राम नियत्रण

प्रोग्राम द्वारा संयोजित युक्ति का नियत्रण।

programme controller प्रोग्राम नियंत्रक

केन्द्रीय संसाधित्र का वह एकक जो आदेशो को संक्रियात्मक क्रम में निष्पादित करता है।

programme control unit प्रोग्राम नियंत्रक एकक

देखिए 'programme controller'

programme documentation प्रोग्रामक प्रलेखन

वह प्रलेख जिनमें प्रोग्राम से संबंधित विवरण, प्रवाह संचित्र आदि होते हैं।

programme language प्रोग्राम भाषा

देखिए 'programming language'

programme library प्रोग्राम संग्रह

प्रोग्रामों का वह संग्रह जो सामान्यतः प्रयोग में आता है।

programming modification प्रोग्राम संशोधन

प्रोग्राम की त्रुटि-सुधार प्रक्रिया।

programme specification प्रोग्राम विनिर्देश

प्रोग्राम को समझने अथवा प्रयोग में लाने के लिए विशिष्ट विवरण

programme testing प्रोग्राम परीक्षण

प्रोग्राम में त्रुटियों की जांच के लिए अभिकलित्र पर प्रोग्राम को चलाना।

programming प्रक्रमन, प्रोग्रामन

प्रोग्राम बनाने की प्रक्रिया।

programming heuristic प्रोग्रामन स्वानुभविक

वह प्रोग्राम जो सीधे एलगोरिथ्मी प्रक्रिया से नहीं बल्कि प्रयत्न-त्रुटि की विधि से समस्या का समाधान करता है।

programming language प्रोग्रामन भाषा

कम्प्यूटर प्रोग्रामों को तैयार करने के लिए प्रयुक्त कोई विशिष्ट भाषा।

punched card छिद्रित कार्ड

वह क्रमानुसार छिद्रित कार्ड जिसमें सूचना का निरूपण होता है।

punched card interpreter छिद्रित कार्ड निर्वचित्र

